
महाकालेश्वर जी का संध्या काल आरती श्रृंगार दर्शन

केंद्र और राज्य शासन से विज्ञापन के लिए अनुमोदित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

17 वर्षों से निरंतर....

Website:- www.malwaherald.com

RNI No. MPHIN/2010/33238
dainikmalwaherald@yahoo.com
malwaherald@gmail.com

# मालवा हेराल्ड

वर्ष : 17 अंक : 67 | उज्जैन, सोमवार 17 अगस्त 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-1 रुपए


**सुविचार**

रिश्ता हों या न हों दुआओं में जो शामिल हो जाएँ वह अपना ही होता हैं...

# स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और विकास के लिए रहा है समर्पित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में 'अटल पथ' इंदौरवासियों को किया समर्पित

**भोपाल/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में बड़ी सौगात देते हुए 60 करोड़ रुपये से अधिक की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। उन्होंने अन्नपूर्णा रोड से रिंग रोड को जोड़ने वाले 16 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नवनिर्मित मार्ग 'अटल पथ' का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने टिगरिया बादशाह मेन रोड से कुशवाह नगर होते हुए उज्जैन नाका-बाणगंगा तक बनने वाले लिंक रोड सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. श्री अटल जी के राष्ट निर्माण में योगदान और उनके आदर्शों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता, सेवा और सुशासन का सिरमौर है। इंदौर से मध्यप्रदेश में नई तकनीक और नवाचार की गंगा बह रही है। आज फिर यहां एक नया नवाचार देखने को मिला है। उन्होंने चिड़ियाघर में विकसित किए जा रहे आकर्षक नवाचारों के लिए सभी बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन कार्यों में सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा, लेकिन सरकार की हिस्सेदारी के साथ निजी सहभागिता से ऐसे नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल जी का इंदौर से गहरा संबंध रहा है। वे उत्कृष्ट राजनेता, लेखक, कवि और कुशल वक्ता होने के साथ लोकतंत्र की गरिमा को स्थापित करने वाले अजातशत्रु राजनेता थे। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों की भूमिका को गरिमा के साथ निभाने का आदर्श प्रस्तुत किया। उनके जीवन से आज के




राजनेताओं को सीखना चाहिए कि नेता की भूमिका, उसका आचरण और व्यवहार कैसा होना चाहिए।

अटल जी के नाम पर विकास कार्यों की सौगात- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी के नाम पर अटल पथ का लोकार्पण करते हुए उन्हें विशेष प्रसन्नता हो रही है। इंदौर में इच्छाशक्ति और जनभागीदारी से किए जा रहे विकास कार्य शहर को नई दिशा दे रहे हैं। उन्होंने अटल जी की प्रतिमा सहित लगभग 60 करोड़ रुपये की लागत से सात विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि पूजन का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सुशासन और विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से टिगरिया बादशाह मुख्य मार्ग से कुशवाह नगर होते हुए उज्जैन नाका तक बनने वाली सड़क सिंहस्थ के दौरान भी अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर और उज्जैन में होने वाले विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए आने-जाने के सभी प्रमुख मार्गों का सुदृढ़ीकरण आवश्यक है। इसी क्रम में फूटी कोठी चौराहे से संत श्री सेवालाल ब्रिज के सर्विस रोड का भी लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से भूमि पूजन किया गया है।

अटल जी के सपनों को साकार कर रही सरकार- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अटल जी ने अपने शासनकाल में भारत को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की मजबूत नींव रखी। परमाणु शक्ति संपन्न भारत, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी अनेक योजनाएं उनके दूरदर्शी नेतृत्व की देन हैं। उन्होंने नदी जोड़ो अभियान का सपना भी देखा था, जिसे अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा तथा पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं के माध्यम से मध्यप्रदेश और राजस्थान के बड़े क्षेत्र को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि नर्मदा के पानी ने मालवा-निमाड़ और इंदौर क्षेत्र की तस्वीर बदल दी है। अटल जी की उपस्थिति में इंदौर में नर्मदा जल आने का उत्सव मनाया गया था। आज नर्मदा का पानी पेयजल, सिंचाई और औद्योगिक गतिविधियों के लिए क्षेत्र के विकास का आधार बन चुका है।

इंदौर को मिल रही आधुनिक कनेक्टिविटी की सौगात- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर महानगर के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उज्जैन-इंदौर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र के साथ भोपाल मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र और अब जबलपुर तथा ग्वालियर को भी आधुनिक विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। इंदौर को अंतर्राष्ट्रीय विमानतल का दर्जा मिलने से वैश्विक कनेक्टिविटी मजबूत हुई है। अबूधाबी के लिए नियमित उड़ानों के साथ आने वाले समय में अन्य अंतर्राष्ट्रीय कनेक्टिविटी भी बढ़ेगी।

इंदौर-उज्जैन मार्ग के सुदृढ़ीकरण, इंदौर-मनमाड़ रेल परियोजना और दिल्ली मार्ग से इंदौर की सीधी रेल कनेक्टिविटी जैसी परियोजनाएं आने वाले समय में शहर की आर्थिक गतिविधियों को नई गति देंगी। इंदौर-पीथमपुर आर्थिक कॉरिडोर सहित विभिन्न परियोजनाओं से रोजगार और निवेश के नए अवसर पैदा होंगे।

ओंकारेश्वर-महाकाल दर्शन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर से ओंकारेश्वर और महाकालेश्वर के दर्शन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होना धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है।




# स्वतंत्रता दिवस पर डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति ने उत्साह के साथ किया ध्वजारोहण




**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति, इंदौर द्वारा सुदर्शन भवन, पंत वैद्य कॉलोनी में उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में युवा खिलाड़ियों, समाजजनों एवं समिति के पदाधिकारियों ने सहभागिता की।

सुदर्शन भवन परिसर में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालवा प्रांत के कार्यकारिणी सदस्य विनोद जी मोहने, राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी एवं हेड कोच अंकित बिहाड़े, राष्ट्रीय महिला खिलाड़ी दीप्ति भूरिया सहित श्रेया तहाड़, रानी परिहार, काजल डामोर, मुस्कान भिड़े, प्राची सहित अन्य खिलाड़ियों एवं समाजजनों ने ध्वजारोहण किया।

मुख्य अतिथि विनोद जी मोहने ने युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके उत्तरदायित्व पर जोर दिया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में इंदौर के महापुरुषों के योगदान का स्मरण करते हुए देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि देश की स्वतंत्रता और उसकी रक्षा के लिए किए गए बलिदानों को सदैव याद रखना तथा राष्ट्रहित में अपना योगदान देना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है।

समारोह के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने एक साथ राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक गायन कर देश के प्रति सम्मान, गौरव और समर्पण की भावना व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हेडगेवार स्मारक समिति के मंत्री राकेश कुमार यादव ने किया। समारोह में बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी एवं समाजजन उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर शान से लहराया तिरंगा, सुमित मिश्रा ने किया ध्वजारोहण



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को भाजपा कार्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन, जावरा कंपाउंड में भव्य ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ एवं नगर प्रभारी राजेश सोलंकी के साथ ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर कृष्णमुरारी मोघे, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता एवं गोपीकृष्ण नेमा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ध्वजारोहण के बाद प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दिन देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले क्रांतिकारियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए भारत को श्रेष्ठ और विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प में सभी को सहभागी बनकर देश को परम वैभव के शिखर पर ले जाने के लिए कार्य करना चाहिए।

## इंदौर में हर दिन 100 वाहन बिना बीमा के पकड़े जा रहे, जुलाई में 3,079 वाहनों पर कार्रवाई

**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देशभर में बिना बीमा सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद इंदौर का ट्रैफिक रिकॉर्ड भी चिंता बढ़ाने वाला है।

कोर्ट ने कहा है कि बिना वैध थर्ड पार्टी बीमा वाले वाहनों की पहचान कैमरों के माध्यम से कर उनके चालान किए जाएं। साथ ही केंद्र सरकार से नो इंश्योरेंस-नो फ्यूल जैसे पायलट प्रोजेक्ट पर भी विचार करने को कहा है। कोर्ट के समक्ष यह तथ्य रखा गया कि देश में 56 प्रतिशत वाहन बिना वैध बीमा के चल रहे हैं।

सुरक्षा के लिहाज से प्रत्येक वाहन चालक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत बीमा करना अनिवार्य है। दुर्घटना होनी की स्थिति वाहन चालक को बीमा कंपनी की तरफ से क्षतिपूर्ति मिलना वाहन चालक का अधिकार है।

ट्रैफिक पुलिस के जुलाई 2026 के आंकड़े बताते हैं कि एक महीने में 3,079 वाहन बिना बीमा के पकड़े गए। यानी औसतन हर दिन जांच के दौरान करीब 99 वाहन ऐसे मिले, जिनके पास वैध बीमा नहीं पाया गया। इसी अवधि में ट्रैफिक पुलिस ने कुल 39,600 चालान बनाएं और 82.31 लाख शमन शुल्क वसूला है।

मोटर वाहन अधिनियम के तहत थर्ड पार्टी बीमा अनिवार्य है। इसके बिना वाहन चलाना कानून का उल्लंघन है। दुर्घटना की स्थिति में ऐसे वाहन न केवल चालक के लिए कानूनी मुश्किलें खड़ी करते हैं, बल्कि पीड़ित को मुआवजा मिलने की प्रक्रिया भी प्रभावित हो सकती है। इसी कारण सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से बीमा नियमों का कड़ाई से पालन कराने और तकनीक आधारित निगरानी बढ़ाने पर जोर दिया है।

इंदौर में बिना बीमा के चालानों की संख्या यह संकेत देती है कि बड़ी संख्या में वाहन मालिक समय पर बीमा का नवीनीकरण नहीं करा रहे हैं। यदि सुप्रीम कोर्ट के सुझावों के अनुरूप कैमरा आधारित ई-चालान और अन्य सख्त व्यवस्थाएं लागू होती हैं, तो ऐसे वाहन मालिकों पर कार्रवाई और तेज हो सकती है।

बीमा करना अनिवार्य- ट्रैफिक एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार कौल के अनुसार सुरक्षा के लिहाज से प्रत्येक वाहन चालक को मोटर वाहन अधिनियम के तहत बीमा करना अनिवार्य है।

## राष्ट्रगीत वंदे मातरम् का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान : भाजपा ने निकाला कैंडल मार्च

### आजादी के मंत्र का अपमान कर रही है कांग्रेस - महेंद्र सिंह



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नई दिल्ली स्थित एआईसीसी कार्यालय में कांग्रेस नेताओं द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के कथित अनादर के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा इंदौर में विशाल विरोध प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च निकाला गया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने गांधी हॉल से गांधी प्रतिमा तक कैंडल मार्च निकालकर वंदे मातरम् के सम्मान में अपनी आवाज बुलंद की।

विरोध प्रदर्शन में भाजपा के मध्यप्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसीराम सिलावट, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ, प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, सांसद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव तथा विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़, महेंद्र हार्डिया, मधु वर्मा, उषा ठाकुर सहित अनेक भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह ने कहा कि लाखों सपूतों ने वंदे मातरम् गाते हुए भारत माता की आजादी के लिए अपना बलिदान दिया। वंदे मातरम् भारत की स्वतंत्रता का मूलमंत्र रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में इसके सामूहिक गायन का आह्वान किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पूरा देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा था और वंदे मातरम् का गायन कर रहा था, तब कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा राष्ट्रगीत का अपमान किया गया। उन्होंने कहा कि इसके विरोध में देशभर में युवा और भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे हैं।

विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि वंदे मातरम् के लिए क्रांतिकारियों ने अपना तन, मन, धन और पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति के कारण राष्ट्रगीत का पूरा सम्मान नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि ऐसी मानसिकता का विरोध किया जाना चाहिए।

प्रदेश सह मीडिया प्रभारी आलोक दुबे ने कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्र की आत्मा का स्वर है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा राष्ट्रगीत का विरोध देश की जनभावनाओं का अपमान है।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुपम राजन ने किया प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का भ्रमण, शिक्षकों और विद्यार्थियों से किया संवाद



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन ने रविवार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों का अवलोकन करने के साथ ही प्राध्यापकों और विद्यार्थियों से संवाद किया तथा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

महाविद्यालय पहुंचने पर अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन का स्वागत प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर, समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने आत्मीयता के साथ किया। उनके साथ अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, इंदौर संभाग प्रो. किरण सलुजा एवं अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अशोक सचदेवा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री राजन ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया और हरित परिसर के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया।

भ्रमण के दौरान उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति तथा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने प्राध्यापकों से रूबरू होकर शैक्षणिक कार्य, शोध एवं नवाचार, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के संबंध में चर्चा की। शिक्षकों ने अपने अनुभव और सुझाव भी साझा किए।

इस दौरान डॉ. महेश गुप्ता, प्रो. सुनीता शर्मा, डॉ. श्रद्धा मालवीय, डॉ. रेणु सिन्हा, डॉ. अलका जैन, डॉ. साईश्वरी कौल, डॉ. वैशाली रामटेके एवं डॉ. आशा अग्रवाल ने शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि तथा पाठ्यक्रमों को अधिक प्रभावी और उपयोगी बनाने के संबंध में अपने सुझाव प्रस्तुत किए। डॉ. महेश गुप्ता ने महाविद्यालय में नए पदों के सृजन एवं रिक्त पदों को भरने का अनुरोध भी किया।

अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बदलते समय के अनुरूप तकनीक के बेहतर उपयोग, कौशल विकास, शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान और रोजगारपरक कौशल से जोड़ना बेहद जरूरी है। उन्होंने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों को और प्रभावी बनाने के लिए नवाचार एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता चंद्रशेखर ने अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका महाविद्यालय में आगमन तथा प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों से सीधा संवाद सभी के लिए प्रेरणादायी और मार्गदर्शक रहा। उन्होंने कहा कि इस संवाद से महाविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए नए विचारों और संभावनाओं को बल मिलेगा।

# देवास से इंदौर एमडी ड्रग्स बेचने आए आरोपी को खजराना पुलिस ने पकड़ा, बाल अपचारी भी हिरासत में

### 100 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स और बाइक सहित 11.50 लाख रुपये का माल जब्त



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना खजराना पुलिस ने देवास से इंदौर में एमडी ड्रग्स बेचने आए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके साथ मौजूद एक बाल अपचारी को भी पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 100 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स और एक बाइक सहित करीब 11.50 लाख रुपये का माल जब्त किया है।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री मयंक अवस्थी, पुलिस उपायुक्त जोन-02 श्री अमन सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त खजराना श्री आशीष पटेल के मार्गदर्शन में थाना खजराना पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी अभियान के तहत थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं मादक पदार्थों के अवैध क्रय-विक्रय में संलिप्त लोगों की जानकारी जुटा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को शहीद पेट्रोल पंप के पास एमआर-10 रोड, खजराना क्षेत्र में दो संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध एमडी ड्रग्स बरामद हुई।

पूछताछ में पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल परमार ने बताया कि वह मादक पदार्थों के सेवन का आदी है और अपनी नशे की लत पूरी करने के साथ ही जल्दी पैसा कमाने के उद्देश्य से एमडी ड्रग्स को सस्ते दामों में खरीदकर महंगे दामों पर बेचता था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि आरोपी राजस्थान से देवास होते हुए इंदौर में मादक पदार्थों का नेटवर्क फैलाने की तैयारी में था।

पुलिस ने आरोपी राहुल परमार, उम्र 26 वर्ष, निवासी चाणक्यपुरी, थाना सिविल लाइन, देवास तथा उसके साथ मिले एक बाल अपचारी को पकड़ा है। आरोपी राहुल 12वीं तक शिक्षित है और मोबाइल रिपेयरिंग का काम करता है। पुलिस के अनुसार उसके विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न थानों में मामले दर्ज हैं।

आरोपियों के कब्जे से 100 ग्राम से अधिक एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये से अधिक बताई गई है। इसके अलावा टीवीएस कंपनी की बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी जब्त की गई, जिसकी कीमत करीब 1.50 लाख रुपये है। इस तरह कुल जब्त मशरुका की अनुमानित कीमत करीब 11.50 लाख रुपये है।

मामले में थाना खजराना में अपराध क्रमांक 676/26 के तहत धारा 8/22 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई है। पुलिस द्वारा आरोपियों को रिमांड पर लेकर मादक पदार्थ के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और इस अवैध कारोबार में जुड़े अन्य लोगों के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच में सामने आने वाले अन्य आरोपियों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी राहुल परमार के विरुद्ध थाना सिविल लाइन देवास सहित अन्य थानों में मारपीट, विवाद और अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं। इसके अलावा क्राइम ब्रांच इंदौर में भी उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत पूर्व में मामला दर्ज होना बताया गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी खजराना निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव, उपनिरीक्षक सुरेंद्र सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक अनिल ओझा, लखन लाल वर्मा, पंकज सांवरिया, आरक्षक जबर सिंह, ऐदल सिंह गुर्जर एवं अमित भदौरिया सहित पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## इंदौर विकास प्राधिकरण में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वाधीनता दिवस समारोह



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर विकास प्राधिकरण में स्वाधीनता दिवस समारोह पारंपरिक हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर संभागायुक्त एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री भास्कर लक्षाकार ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े सहित इंदौर विकास प्राधिकरण के बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा एवं समर्पण का संकल्प लिया। समारोह के दौरान प्राधिकरण के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। संभागायुक्त एवं अध्यक्ष श्री भास्कर लक्षाकार ने सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके बेहतर कार्य के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह और देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## इंदौर जिले में जोश, जुनून, अपार उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ उत्सवी माहौल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर जिले में हर घर तिरंगा अभियान के चलते स्वतंत्रता दिवस आज देशभक्ति के जज्बे, जोश और जुनून के साथ उत्सवी माहौल में मनाया गया। इंदौर में चहुंओर अपार उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास दिखाई दिया। पूरा इंदौर तिरंगामय रहा। इंदौर के महेश गार्ड लाइन स्थित सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय के मैदान में पूर्ण गरिमा और हर्षोल्लास के साथ आयोजित मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा परेड की सलामी ली। कार्यक्रम में राष्ट्रीय धुन और राष्ट्रभक्ति के गीतों के बीच जवानों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय महापर्व पर जिले के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थाओं में भी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का एलईडी स्क्रीन पर प्रसारण किया गया। मुख्य समारोह में जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने खुली जीप में परेड का निरीक्षण किया। समारोह में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्री राजेश कुमार सिंह, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। समारोह में सशस्त्र बलों ने स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारों के बीच हर्ष फायर किये। खुले आकाश में रंगीन गुब्बारे छोड़े गये। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों के 20 दलों ने परेड में हिस्सा लिया। इनमें प्रमुख रूप से सीमा सुरक्षा बल, आरएपीटीसी, प्रथम वाहिनी, 15वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल(पुरूष), जिला पुलिस बल (महिला), होमगार्ड, यातायात पुलिस, एनसीसी बायज, एनसीसी गर्ल्स, एनसीसी एयर विंग, स्काउट, गाईड, रेडक्रॉस, आरआई ग्रुप, एसपीसी गर्ल्स, सृजन दल, शौर्या दल शामिल रहे। परेड का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त श्री यश बिजोरिया ने किया। उनका अनुकरण टूआईसी सूबेदार श्री चन्द्रेश मरावी ने किया। समारोह में प्रथम वाहिनी और बीएसएफ का बैंड भी आकर्षण का केन्द्र रहा। समारोह में राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का सुमधुर गायन भी हुआ। समारोह में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के दौरान शासकीय उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर इंदौर, शासकीय मालव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और मॉर्डन इंटरनेशनल स्कूल इंदौर के विद्यार्थियों ने देश भक्ति तथा लोकगीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देश के पहले वर्चुअल चिड़ियाघर का किया लोकार्पण



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को देश के पहले वर्चुअल चिड़ियाघर का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने इंदौर प्राणी संग्रहालय में स्थापित साढ़े 4 करोड़ रुपये की लागत से पीपीपी मॉडल पर निर्मित 14-डी सिनेमा थियेटर एवं वर्चुअल जंगल सफारी का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इंदौर जो भी करता है, सबसे अच्छा करता है। इंदौर निरंतर नवाचार और विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्चुअल जंगल सफारी आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगी। इससे लोगों को जंगल और वन्यजीवों का आभासी अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि इस सुविधा से नगर निगम को आमदनी भी प्राप्त होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी मंत्रियों एवं स्कूली बच्चों के साथ 14-डी सिनेमा थियेटर में बैठकर फिल्म का आनंद लिया। फिल्म देखने के बाद उन्होंने कहा कि दोनों फिल्में देखकर उन्हें अद्भुत आनंद की अनुभूति हुई। उन्होंने वर्चुअल जंगल सफारी का भी अवलोकन किया तथा सफारी की व्यवस्थाओं एवं तकनीकी विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट दबाकर फव्वारे का शुभारंभ किया। उन्होंने एक्वेरियम में मौजूद रंग-बिरंगी मछलियों का भी अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्राणी संग्रहालय में विकसित की गई इन नवीन सुविधाओं की सराहना करते हुए कहा कि इससे शहरवासियों, बच्चों और पर्यटकों को मनोरंजन के साथ वन्यजीवों एवं प्रकृति को नए तकनीकी माध्यम से समझने

# जिला बदर और लूट में फरार 5 हजार का इनामी आरोपी देसी पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार



**इंदौर/ हर्ष कुशवाहा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अन्नपूर्णा और थाना रावजी बाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने जिला बदर एवं लूट के मामले में फरार चल रहे 5 हजार रुपये के इनामी आरोपी प्रिंस विशनार को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट और जिला बदर आदेश के उल्लंघन का अलग से प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर के निर्देश पर पुलिस उपायुक्त जोन-04 श्री सुनील मेहता, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जोन-04 श्री दिशेष अग्रवाल एवं सहायक पुलिस आयुक्त अन्नपूर्णा श्री शिवेंदु जोशी के मार्गदर्शन में थाना अन्नपूर्णा और थाना रावजी बाजार पुलिस द्वारा फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस टीम को लूट के मामले में फरार आरोपी प्रिंस विशनार के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने उसे घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार 7 अगस्त 2026 को अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र के फूटी कोठी चौराहे के पास आरोपी प्रिंस विशनार ने अपनी महिला मित्र पलक वर्मा के साथ मिलकर जोमैटो डिलीवरी बॉय की स्कूटी लूट ली थी और मौके से फरार हो गया था। घटना की शिकायत पर थाना अन्नपूर्णा में अपराध क्रमांक 356/2026 के तहत बीएनएस की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई थी।

पुलिस टीम ने 14 अगस्त 2026 को हरिजन कॉलोनी, गाड़ी अड्डा, थाना रावजी बाजार निवासी 26 वर्षीय प्रिंस विशनार को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देसी पिस्टल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस संबंध में थाना अन्नपूर्णा में अपराध क्रमांक 362/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 में अलग से प्रकरण दर्ज किया गया है।

जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पुलिस आयुक्त द्वारा जिला बदर का आदेश जारी किया गया था। इसके बावजूद वह शहर में मौजूद पाया गया। जिला बदर आदेश का उल्लंघन करने पर उसके खिलाफ थाना अन्नपूर्णा में अपराध क्रमांक 363/2026 के तहत मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में भी प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से देसी पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ लूट में प्रयुक्त चाकू तथा लूटी गई स्कूटी भी बरामद की है। मामले में पूर्व में आरोपी की महिला साथी पलक वर्मा, उम्र 21 वर्ष, निवासी डॉक्टर कॉलोनी, द्वारिकापुरी, इंदौर को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# मंदसौर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मना, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ध्वजारोहण कर सलामी ली



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मंदसौर जिले में 15 अगस्त को पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। जिलेभर में ध्वजारोहण, प्रभात फेरियों तथा विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य समारोह में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष मनु प्रिया विनीत यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला, मदनलाल राठौर, लोकतंत्र सेनानीगण, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करते हुए मंदसौर जिले में शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति तथा उपलब्धियों की जानकारी दी।

समारोह में होमगार्ड, पुलिस, सशस्त्र बल एवं स्काउट दलों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि जगदीश देवड़ा ने खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। उनके साथ कलेक्टर दिव्यांक सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर हर्ष फायर भी किया गया।

समारोह में समृद्धि एवं विविधता के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाए। इसके बाद लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में जनसंपर्क विभाग द्वारा मंदसौर जिले के लिए प्रकाशित 'बदलते दौर का मध्य प्रदेश–मंदसौर जिले की विकास गाथा' पुस्तक का वितरण जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों को किया गया।

## सीएम राइज स्कूल में आयोजित मुख्य समारोह में अध्यक्ष श्री बगड़ा ने किया ध्वजारोहण

**तहसील परिसर में तहसीलदार ऋषभ कुमार ठाकुर तो थाने पर थाना प्रभारी वर्मा ने किया ध्वजारोहण**




**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगर सहित आसपास के अंचलों में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व अभूतपूर्व उत्साह, उमंग और गरिमामय वातावरण में मनाया गया।

इस ऐतिहासिक अवसर पर नगर के प्रमुख शासकीय कार्यालयों, थानों और शैक्षणिक संस्थानों में मुख्य अतिथियों द्वारा पूरी आन-बान-शान के साथ राष्ट्रध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान की गूंज और भारत माता के गगनभेदी जयकारों से पूरा सिंगोली नगर देशभक्ति के अनूठे रंग में सराबोर नजर आया।

सीएम राइज स्कूल में बिखरे सांस्कृतिक रंग, आकाश में गूंजे तराने नगर के स्थानीय सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्य समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश बगड़ा ने गरिमापूर्ण तरीके से ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

इसके पश्चात स्वतंत्रता, अमन और शांति के प्रतीक स्वरूप अतिथियों द्वारा आकाश में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए, जिसने बच्चों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर मुख्य मंच पर प्रशासनिक अमला संग नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश कुमार बगड़ा, नगर परिषद उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़, जिला भाजपा मंडल महामंत्री अशोक विक्रम सोनी, जनपद जावद पंचायत के सांसद प्रतिनिधि गोपाल धाकड़, नगर भाजपा अध्यक्ष लोकेश पटवा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद राजेश कुमार भंडारी , महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष पिंकी सोनी , भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश कुमार जोशी व समस्त पार्षदगण व नगर के गणमान्य नागरिक एक साथ मंचासीन रहे।

## कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने ध्वजारोहण कर ली भव्य परेड की सलामी

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** देश एवं प्रदेश के साथ ही नीमच जिले में भी 80वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में समारोहपूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय नीमच स्थित शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 के परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के साथ खुली सफेद जिप्सी में सवार होकर भव्य परेड का निरीक्षण किया तथा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा भोपाल से प्रदेश की जनता के नाम दिए गए संदेश का सीधा प्रसारण मुख्य समारोह स्थल पर चार बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से किया गया। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंच से जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बधाई संदेश का वाचन किया तथा जिले की उपलब्धियों और विकास कार्यों पर प्रकाश डाला।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में सीआरपीएफ एवं जिला पुलिस के बैंड की मधुर राष्ट्रीय धुनों के बीच तीन हर्ष फायर किए गए। परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक एवं परेड कमांडर सुश्री दिव्या चंद्रवंशी तथा उप कमांडर सूबेदार श्री सुरेंद्र सिसोदिया के नेतृत्व में मार्चपास्ट परेड ने मुख्य अतिथि को सलामी दी।

परेड में उप निरीक्षक श्री अंकित के नेतृत्व में सीआरपीएफ प्लाटून, उप निरीक्षक श्री बलराम सेनार्थी के नेतृत्व में एसएएफ प्लाटून, उप निरीक्षक श्री प्रभु दयाल डोडियार के नेतृत्व में जिला पुलिस बल पुरुष, उप निरीक्षक श्रीमती सपना राठौर के नेतृत्व में जिला महिला पुलिस बल, सहायक उप निरीक्षक श्री दीपक कुमार बैरसी के नेतृत्व में होमगार्ड प्लाटून, वन रक्षक श्री कोमल सिंह चंद्रावत के नेतृत्व में वन विभाग प्लाटून तथा सीनियर अंडर ऑफिसर सुश्री लकी पारवानी के नेतृत्व में एन.सी.सी. सीनियर दल ने कदम से कदम मिलाकर आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया। स्काउट, गाइड, रेडक्रॉस एवं शौर्य दल की प्लाटून ने भी परेड में सहभागिता की। सशस्त्र समूह में सीआरपीएफ प्लाटून को प्रथम, जिला पुलिस बल पुरुष प्लाटून को द्वितीय तथा जिला पुलिस बल महिला प्लाटून को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए विशेष भोज आयोजित

**विधायक, कलेक्टर एवं एसपी ने संदीपनी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों के साथ किया भोजन**



**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। विशेष भोज में विद्यार्थियों को पूरी, सब्जी, खीर एवं लड्डू परोसे गए।

नीमच कैंट स्थित संदीपनी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विशेष भोज में नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस. कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए। अतिथियों ने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ बैठकर विशेष भोज का भोजन ग्रहण किया और विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद भी किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उल्लास देखने को मिला।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में नोडल जिला अधिकारियों की उपस्थिति में विशेष भोज आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन ग्रहण किया। विशेष भोज के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशियां साझा करना तथा उनमें राष्ट्रीय पर्व के प्रति उत्साह एवं सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना रहा।

## ''मंदसौर शहर की सुंदरता'' पर आधारित फोटो प्रतियोगिता 10 सितम्बर को, उपमुख्यमंत्री देवड़ा द्वारा पोस्टर विमोचित



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कैमरा क्लब, फोटो जर्नलिस्ट ग्रुप मंदसौर व भोपाल के तत्वावधान में आगामी 10 सितम्बर, गुरूवार को मंदसौर में ''मंदसौर शहर की सुंदरता'' विषय पर आधारित फोटो प्रतियोगिता आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता का पोस्टर का विमोचन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री देवड़ा ने इस दौरान कहा कि फोटो जर्नलिस्ट ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष सराहनीय कार्यक्रम किये जाते हैं। इस प्रतियोगिता के आयोजन से फोटोग्राफी कला को बढ़ावा मिलेगा। फोटो जर्नलिस्ट ग्रुप द्वारा यह फोटोग्राफी में रूचि लेने वालों के लिये अच्छा प्लेटफार्म दिया जा रहा है।

ग्रुप सदस्य रमेश चौहान व जितेंद्र शर्मा ने बताया कि शहर-संस्कृति, विरासत और विकास को ध्यान में रखते हुए यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसके तहत मंदसौर में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में निकली तिरंगा यात्राओं एवं श्रावण मास में निकलने वाली शाही सवारी व जन्माष्टमी के चल समारोह के चित्रों को भी प्रतियोगी भेज सकेंगे। इस प्रतियोगिता में पारंगत फोटोग्राफर के अलावा शहरी और ग्रामीण परिवेश का व्यक्ति भी भाग ले सकता है। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 2100 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 1500 रुपए, तृतीय पुरस्कार 1100 रुपए तथा 500-500 रुपए के 2 सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। फोटो जमा कराने की अंतिम तारीख 9 सितम्बर 2026 को सायं 5 बजे तक है। 10 सितम्बर 2026 को सुबह 10 बजे फोटो प्रदर्शनी व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम नपा सभागृह में होगा। इस प्रतियोगिता में मंदसौर ,नीमच जिले के प्रतियोगी भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में पेशेवर के अलावा शौकिया फोटोग्राफर भी मोबाइल से ली तस्वीरें भेज सकते हैं। प्रतियोगिता का विषय ''मंदसौर शहर की सुंदरता'' पर केन्द्रित है। इसमें 8 बाय 12 इंच की साइज के अधिकतम 3 फोटो लगाए जा सकते हैं। यह प्रतियोगिता पूर्णतया निशुल्क है। प्रतिभागी फोटो जमा कराने के लिए काला कलर लैब, दया मंदिर मार्ग मंदसौर व चमन फ्लावर, गांधी चौराहा मंदसौर पर संपर्क कर सकते हैं। प्रतियोगी को नाम और मोबाइल नंबर फोटो के पीछे लिखना होगा। इंटरनेट के फोटो मान्य नहीं किए जाएंगे। फोटो में किसी भी प्रकार की एडिटिंग नहीं होनी चाहिए।

# धाकड़ युवा संघ और टीम जीवनदाता के शिविर में 538 यूनिट रक्त संग्रह का नया कीर्तिमान

**कांग्रेस नेता सत्यनारायण पाटीदार और पटवारी प्रकाश शुक्ला ने 20वीं व व्यवसायी छितरमल धाकड़ ने 18वीं बार किया रक्तदान**



**सिंगोली/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** पीड़ित मानवता की सेवा और चिकित्सालयों में रक्त की कमी को दूर करने के संकल्प के साथ नीमच जिले के सिंगोली अंचल में रविवार को एक ऐतिहासिक सेवा संकल्प साकार हुआ। श्री धाकड़ महासभा युवा संघ एवं टीम जीवनदाता के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय वीरेंद्र कुमार सकलेचा (शासकीय डोम) में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर ने सफलता के सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए।

सुबह 9ः00 बजे से शाम 5ः00 बजे तक चले इस महाअभियान में अंचल के रक्तवीरों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाते हुए कुल 538 यूनिट रक्त संग्रह का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

धाकड़ युवा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन धाकड़ द्वारा युवाओं से की गई भावुक अपील का जमीन पर व्यापक और ऐतिहासिक असर देखने को मिला।.

दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जुटे दिग्गज

कांग्रेस नेता पाटीदार ने खुद किया 20वां रक्तदान

इस महाअभियान में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र की प्रमुख हस्तियों ने शिरकत की।

शिविर में विशेष रूप से मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री व जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा एवं जावद विधानसभा क्षेत्र से संभावित कांग्रेस प्रत्याशी सत्यनारायण पाटीदार उपस्थित हुए। विधायक सकलेचा ने काउंटर पर जाकर रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और इस पुनीत कार्य के लिए संयुक्त आयोजक मंडल की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं का यह सेवा भाव समूचे अंचल के लिए गौरव की बात है। वहीं, समाज सेवा की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए कांग्रेस नेता सत्यनारायण पाटीदार ने इस शिविर में खुद आगे बढ़कर अपना 20वीं बार रक्तदान किया। उनके इस कदम ने वहां मौजूद सैकड़ों युवाओं में नए जोश का संचार कर दिया।

उन्होंने कहा कि एक ही दिन में 538 यूनिट रक्त संग्रह होना क्षेत्र की जनता की संवेदनशीलता की जीत है।

युवा पटवारी और प्रतिष्ठित व्यवसायी बने शिविर के रोल मॉडल- शिविर में समाज को प्रेरित करने वाले कई अन्य अनुकरणीय उदाहरण भी सामने आए।

शिविर में जहां शासकीय सेवक आरआई/पटवारी प्रकाश शुक्ला ने मात्र 31 वर्ष की अल्पायु में अपना 20वीं बार रक्तदान कर शासकीय सेवा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व की अनूठी मिसाल पेश की, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यावसायिक संस्थान पूजा इलेक्ट्रिकल्स के प्रोपराइटर छितरमल धाकड़ ने अपनी व्यस्तताओं के बीच 18वीं बार महादान किया। आयोजक मंडल और उपस्थित अतिथियों ने इन सभी प्रबुद्ध नागरिकों के जज्बे को सलाम किया

अंचल भर से उमड़े रक्तवीर, सुरक्षा और प्रबंधन रहा चाक-चौबंद-शिविर को लेकर सुबह से ही शासकीय डोम परिसर में उत्सव जैसा माहौल था और युवाओं के साथ-साथ महिलाओं व पहली बार रक्तदान करने वाले नवयुवकों की लंबी कतारें देखी गईं।

शासकीय और निजी चिकित्सालयों के विशेषज्ञ डॉक्टरों तथा ब्लड बैंक की तकनीकी टीमों की देखरेख में पूरी प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

आयोजकों द्वारा सभी रक्तदाताओं के लिए स्वल्पाहार, प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण और गरिमापूर्ण बैठक व्यवस्था की गई थी। प्रत्येक रक्तवीर को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए।

टीम जीवनदाता और धाकड़ महासभा युवा संघ के प्रभारियों ने इस ऐतिहासिक सफलता के लिए क्षेत्र के सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोगियों का सहृदय आभार व्यक्त किया है।

कांग्रेस नेता सत्यनारायण पाटीदार ने कहा– जनसेवा का असली अर्थ केवल भाषण देना नहीं, बल्कि खुद जमीन पर उतरकर उदाहरण पेश करना है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है, यह सिर्फ एक इंसान ही दूसरे को दे सकता है। 538 यूनिट का यह संग्रह कई अनमोल जिंदगियां बचाएगा। मुझे गर्व है कि मैंने खुद आगे बढ़कर अपना 20वां रक्तदान इस पुनीत यज्ञ में समर्पित किया।

आरआई पटवारी प्रकाश शुक्ला ने कहा– शासकीय दायित्वों के साथ पीड़ित मानवता की सेवा करना भी हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है। अस्पतालों में रक्त के अभाव में लोगों को तड़पते देख मैंने नियमित महादान का संकल्प लिया था। 31 वर्ष की उम्र में 20वीं बार रक्तदान कर मुझे असीम आत्मिक संतुष्टि मिली है। युवाओं को बिना किसी भय के इस जीवनदायिनी अभियान से जुड़ना चाहिए।

## महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के पीछे बने नया निकास द्वार, पं. प्रहलाद शर्मा ने दिया सुझाव



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य पं. प्रहलाद शर्मा ने शहर के व्यस्ततम क्षेत्र गांधी चौराहा स्थित महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की यातायात व्यवस्था और छात्राओं की सुरक्षा को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी को एक महत्वपूर्ण सुझाव सौंपा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय का मुख्य द्वार सबसे व्यस्त मार्ग पर होने के कारण रोजाना छुट्टी के समय वहां भारी भीड़ और जाम की स्थिति निर्मित होती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पं. शर्मा ने अपने सुझाव में कहा कि विद्यालय परिसर के पीछे पर्याप्त रिक्त भूमि उपलब्ध है और वहां का मुख्य मार्ग भी काफी खाली रहता है। यदि विद्यालय के पीछे एक बड़ा निकास द्वार बना दिया जाए, तो छात्राओं की रवानगी वहां से आसानी से हो सकेगी। इसके साथ ही, छात्राओं को लाने-ले जाने वाले ऑटो रिक्शा और अन्य वाहनों को भी पीछे की सड़क पर क्रमांक अनुसार सुव्यवस्थित ढंग से खड़ा किया जा सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि विद्यालय के पीछे नया गेट बनने से गांधी चौराहे पर लगने वाले दैनिक ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। साथ ही, व्यस्त सड़क पर छात्राओं के साथ होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को भी पूरी तरह रोका जा सकेगा, जिससे अभिभावकों और छात्राओं दोनों को बड़ी राहत मिलेगी।

## पिपलिया मुजावर में हज़रत गैबशाह रेहमतुल्लाह अलैह के आस्ताना आलिया के परिसर में ध्वजारोहण किया गया



**मंदसौर/ भारतसिंह तोमर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश के जिला मंदसौर तहसील दलोदा के अंतर्गत ग्राम पिपलिया मुजावर में स्थित हजरत गैब शाह वली रेहमतुल्लाह अलेह के आस्ताना आलिया के परिसर में 80 वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 को हर्षोल्लाह से मनाया गया, इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया, पश्चात मिठाई का वितरण किया गया। बाबा के यहां चादर व फूल पेश किए गए, फातिहा के बाद देश के लिए, देशवासियों की खुशहाली के लिए दुआएं ,खैर मांगी गई। इस अवसर पर वृक्षारोपण भी किया गया, इसमें फारूक खां, मुस्तफा खां, रमेश सांवरिया, अकरम शेख, मुबारिक मंसूरी, उस्मान जीजा, प्रकाश दोसावत, विष्णु कुमावत, जाहिद अंसारी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। उक्त जानकारी बाबा के मुजावर अनवर शाह दलोदा द्वारा प्रेषित की गई, शाह ने बताया कि बाबा के आस्ताने पर सभी समाज के व्यक्तिगण आते हैं और बाबा से मन्नते मांगते हैं एवं मन्नते पूरी होती है, बाबा के बड़े-बड़े पत्थरों पर मोजड़ी पैर के निशान हैं, जिनकी जियारत के लिए दूर-दूर से अकीदतमंद आते हैं और अपनी मुरादे पाते हैं।

# गांव की मिट्टी से लाल किले तक, अखंड भारत के संकल्प पर साइकिल से निकला युवा कारवां, नीमच में विनय जांगिड़ का जोरदार स्वागत




**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** एक साइकिल, एक तिरंगा और गांव की मिट्टी को दिल्ली तक ले जाने का संकल्प। इसी संदेश के साथ अखंड भारत, राष्ट्रभक्ति और युवा जागरण को लेकर निकली साइकिल यात्रा शनिवार को नीमच पहुंची। यात्रा में शामिल सामाजिक कार्यकर्ता विनय जांगिड़ का जहांगीर समाज द्वारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया।

स्वागत के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन और युवा मौजूद रहे।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में निकाली जा रही यह यात्रा अब अपने चौथे वर्ष में प्रवेश कर चुकी है। जांगिड़ का कहना है कि यात्रा का मूल उद्देश्य युवाओं के भीतर राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी, एकता और देशप्रेम की भावना को मजबूत करना है।

सिर्फ साइकिल नहीं, पांच संकल्प लेकर चल रहा कारवां- यात्रा के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बताए गए पांच संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया जा रहा है। इनमें 'शहीदों का परिवार हमारा परिवार', 'एक पेड़ मां के नाम', 'नशे से पहले हमारा राष्ट्र', 'साइकिल चलाओ-फिट हो जाओ' और 'जाति से पहले हमारा राष्ट्र' जैसे संकल्प शामिल हैं।

जांगिड़ ने कहा कि उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है और राष्ट्र से ऊपर कुछ नहीं। इसी भावना के साथ यात्रा को गांव-गांव और शहर-शहर ले जाया जा रहा है।

200 किलोमीटर का सफर, अब निशाना दिल्ली-ग्राम भारतपुरा से शुरू हुई यात्रा ने महज दो दिनों में करीब 200 किलोमीटर का सफर तय कर लिया है। शनिवार को नीमच पहुंचने के बाद स्वर्णकार धर्मशाला से यात्रा को आगे के लिए रवाना किया गया। साइकिल सवार चित्तौड़गढ़ होते हुए भीलवाड़ा पहुंचेंगे, जहां रात्रि विश्राम के बाद कारवां दिल्ली की ओर आगे बढ़ेगा।

जांगिड़ ने पिछले वर्ष की यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि पहलगांव पहुंचकर तिरंगा फहराया गया था। उनके मुताबिक, आतंकवादियों द्वारा भारतीय युवाओं में भय पैदा करने की कोशिश के बावजूद युवाओं ने उसी स्थान पर तिरंगा फहराकर साहस और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया था। 23 अगस्त को लाल किले पर पहुंचेगी गांवों की मिट्टी- इस यात्रा का सबसे खास संकल्प 23 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर पूरा किया जाएगा। देश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचने वाले युवा, बुजुर्ग, माताएं और बहनें मिलकर तिरंगा फहराएंगे। इसके साथ ही अपने-अपने गांवों से लाई गई पवित्र मिट्टी से लाल किले पर तिलक किया जाएगा।

यात्रा में शामिल माताओं, बहनों और युवाओं ने अपने गांव की मिट्टी जांगिड़ को सौंपी है। यही मिट्टी अब साइकिल के साथ दिल्ली तक पहुंचेगी।

यानी सफर सिर्फ भारतपुरा से दिल्ली का नहीं है। साथ में गांवों की मिट्टी, युवाओं का संकल्प और राष्ट्रभक्ति का संदेश भी चल रहा है। 23 अगस्त को लाल किले पर जब अलग-अलग गांवों की मिट्टी पहुंचेगी, तो यह यात्रा अपने सबसे भावनात्मक पड़ाव पर होगी।

## झाबुआ में उल्लासपूर्वक मना स्वतंत्रता दिवस

**झाबुआ/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को पूरे हर्षोल्लास, उमंग और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह डीआरपी लाइन परेड ग्राउंड, झाबुआ में महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। समारोह के दौरान रुक-रुककर बरसते पानी के बावजूद प्रतिभागियों और उपस्थित नागरिकों का उत्साह कम नहीं हुआ। हाथों में तिरंगा, अनुशासित परेड, देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और राष्ट्रप्रेम के उल्लास ने पूरे परिसर को स्वतंत्रता दिवस के रंग में रंग दिया।

# सम्पादकीय

## विकासशील देशों में एआई सदस्यता शुल्क कम होने चाहिए

कृत्रिम बुद्धिमत्ता आज केवल एक नई तकनीक नहीं रह गई है, बल्कि शिक्षा, रोजगार, शोध, व्यापार, पत्रकारिता, स्वास्थ्य, प्रशासन और संचार को बदलने वाली महत्वपूर्ण तकनीक बनती जा रही है। जिस प्रकार इंटरनेट ने सूचना तक पहुँच को व्यापक बनाया, उसी प्रकार एआई आने वाले वर्षों में ज्ञान, कौशल और उत्पादकता तक पहुँच का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनने वाला है। लेकिन इसके साथ एक गंभीर प्रश्न भी सामने है कि क्या दुनिया के सभी देशों और सभी आय-वर्गों के लोगों को एआई का समान लाभ मिल सकेगा? यदि एआई की सदस्यता शुल्क ऐसी दरों पर तय होती है जो मुख्यतः अमेरिका और यूरोप जैसे उच्च आय वाले बाजारों की भुगतान क्षमता को ध्यान में रखती हैं, तो विकासशील देशों के करोड़ों लोगों के लिए वही कीमत बहुत महंगी साबित हो सकती है। मुद्रा के स्तर पर समान कीमत का अर्थ आर्थिक रूप से समान बोझ नहीं होता। किसी विकसित देश में बीस डॉलर की मासिक सदस्यता किसी व्यक्ति की आय का बहुत छोटा हिस्सा हो सकती है, जबकि विकासशील देश के निम्न या मध्यम आय वाले व्यक्ति के लिए यही राशि उसके मासिक बजट का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकती है। इसलिए एआई सेवाओं की वैश्विक कीमत निर्धारित करते समय केवल विदेशी मुद्रा की विनिमय दर को आधार बनाना पर्याप्त नहीं है; स्थानीय आय, क्रय-शक्ति, औसत वेतन, जीवन-यापन की लागत और डिजिटल सेवाओं पर होने वाले खर्च को भी ध्यान में रखना आवश्यक है।

विकासशील देशों की वास्तविक आर्थिक स्थिति को समझने के लिए प्रति व्यक्ति आय के साथ क्रय-शक्ति समता को देखना भी जरूरी है। किसी देश की प्रति व्यक्ति आय यदि विदेशी मुद्रा में कम दिखाई देती है, तो इसका अर्थ यह नहीं कि वहाँ प्रत्येक वस्तु उतनी ही महंगी है जितनी अमेरिका या यूरोप में। स्थानीय कीमतें, मजदूरी और सेवाओं की लागत अलग होती है। इसलिए क्रय-शक्ति समता किसी अर्थव्यवस्था की घरेलू क्रय-क्षमता को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम है। लेकिन एआई की कीमत तय करते समय केवल क्रय-शक्ति समता को भी अंतिम आधार नहीं बनाया जा सकता, क्योंकि किसी देश की औसत आय और उसके गरीब या निम्न-मध्यम आय वाले नागरिकों की वास्तविक खर्च करने की क्षमता में बहुत अंतर हो सकता है। यही कारण है कि एक ही देश में किसी बड़े शहर के उच्च आय वाले पेशेवर और छोटे शहर के विद्यार्थी के लिए समान एआई सदस्यता शुल्क का आर्थिक प्रभाव बिल्कुल अलग हो सकता है। विशेष रूप से भारत जैसे विशाल और आय-विविधता वाले देश में स्थानीय क्रय-शक्ति के अनुरूप एआई की कीमत निर्धारित करने की आवश्यकता अधिक महसूस होती है।

यह समस्या इसलिए और गंभीर है क्योंकि दुनिया में डिजिटल असमानता अभी समाप्त नहीं हुई है। अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के वर्ष दो हजार पच्चीस के आंकड़ों के अनुसार दुनिया की लगभग तीन-चौथाई आबादी इंटरनेट का उपयोग कर रही है, लेकिन लगभग दो अरब बीस करोड़ लोग अब भी इंटरनेट से बाहर हैं और इनमें अधिकांश निम्न तथा मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के अनुसार निम्न और मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में लगभग साठ प्रतिशत में इंटरनेट सेवाएँ अभी भी वहनीयता की समस्या से प्रभावित हैं। इतना ही नहीं, निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में मोबाइल इंटरनेट पर होने वाला आय का बोझ उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कई गुना अधिक है। ऐसी स्थिति में यदि इंटरनेट तक पहुँच पहले ही महंगी है और उसके ऊपर एआई की सदस्यता भी विकसित देशों के समान रखी जाती है, तो विकासशील देशों के लोगों के लिए एआई तक वास्तविक पहुँच और भी कठिन हो जाएगी।

एआई को केवल मनोरंजन या अतिरिक्त सुविधा मानना अब उचित नहीं होगा। एक विद्यार्थी इसका उपयोग कठिन विषय समझने, भाषा सीखने और अध्ययन सामग्री तैयार करने में कर सकता है। शिक्षक पाठ्य सामग्री और शिक्षण योजनाएँ विकसित कर सकते हैं। शोधकर्ता साहित्य समीक्षा, आँकड़ों के संगठन और प्रारंभिक विश्लेषण में सहायता ले सकते हैं। छोटा व्यापारी विपणन, ग्राहक सेवा और बाजार अनुसंधान में एआई का उपयोग कर सकता है। स्वतंत्र पेशेवर लेखन, अनुवाद, डिजाइन और डिजिटल सेवाओं की गुणवत्ता तथा उत्पादकता बढ़ा सकता है। इस प्रकार एआई तक सस्ती पहुँच वास्तव में मानव पूंजी और आर्थिक उत्पादकता में निवेश है। यदि विकासशील देशों के लोगों को महंगी सदस्यता के कारण अत्याधुनिक एआई से दूर रखा जाता है, तो भविष्य में विकसित और विकासशील देशों के बीच केवल आय का ही नहीं, बल्कि ज्ञान, कौशल और उत्पादकता का अंतर भी बढ़ सकता है। इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में पहले से मौजूद असमानताएँ और अधिक गहरी हो सकती हैं।

विश्व बैंक ने विकासशील देशों में एआई की समावेशी पहुँच के लिए संपर्क सुविधा, संगणना क्षमता, स्थानीय संदर्भ और दक्षता को महत्वपूर्ण आधार माना है। उच्च आय वाले देशों में इंटरनेट का उपयोग करने वाली आबादी का अनुपात निम्न आय वाले देशों की तुलना में बहुत अधिक है। इसका अर्थ यह है कि एआई की समस्या केवल सदस्यता शुल्क की नहीं है, बल्कि इंटरनेट, उपकरण, बिजली, डिजिटल कौशल और स्थानीय भाषाओं की उपलब्धता से भी जुड़ी है। इसलिए सस्ती एआई सदस्यता एक बड़े समाधान का केवल एक हिस्सा है, लेकिन अत्यंत महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि किसी गरीब देश में एआई की सदस्यता बहुत सस्ती भी कर दी जाए, लेकिन इंटरनेट महंगा हो, बिजली की समस्या हो, उपयुक्त उपकरण उपलब्ध न हों और लोगों को एआई का उपयोग करना न आता हो, तो तकनीक का लाभ सीमित ही रहेगा। इसलिए एआई की कीमत कम करने के साथ डिजिटल आधारभूत ढाँचे और कौशल विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है।

## आनंद एकमेव है, उसमें सुख और दुःख का विभाजन नहीं होता है : श्री माताजी



भौतिक जीवन रोलर कोस्टर राइड की भांति होता है जहां उतार-चढ़ाव से प्रतिपल सामना होता रहता है। सुख व दुख से मानव व्यथित होता रहता है। वास्तव में अभाव हमारे दुख का मुख्य कारण है,जो कुछ भी मर्त्य है वो अपूर्ण है। इसी कारण इस जगत की कोई भी चीज हमें संतुष्टि प्रदान नहीं कर पाती तथा अनेक प्रकार की लालसाएं सदैव ही हमें भ्रमित करती रहती हैं। इसी संदर्भ में सहजयोग संस्थापिका श्री माताजी निर्मला देवी जी ने अपनी अमृतवाणी में कहा है कि, सुख और दुःख एक ही साथ चलते हैं, आज कोई आदमी सुख पे चढ़ा फिर दुःख में उतरा, आशा निराशा के इस झमेले में ही मनुष्य पड़ा रहता है लेकिन आनंद एकमेव होता है, उसमें सुख और दुःख का विभाजन नहीं होता है, आनंद में मनुष्य शांत चित्त होकर के सारी चीज को देखता है जैसे कोई खेल हो, जैसे कोई नाटक हो रहा हो, सब चीज को देखता है और कोई चीज भीषण भी लगती है उसे भी वो देखता है और कारण कि वो देख सकता है साक्षी भाव से, वो उसे ठीक भी कर सकता है क्योंकि वो एक महान आत्मा है। जीवन जैसा है, इसे इसी रूप में स्वीकार करें । वहां जैसा जीवन है, इसे स्वीकार करें। प्रतिकार न करें, क्रोधित न हों, निराश न हों, बस इसे स्वीकार करें, और आप उसी जीवन का आनंद लेने लग जाएंगे, जो जीवन आपको परेशान कर रहा था। आप इस जीवन का आनंददायी पहलू देखेंगे, और यह इतना सुंदर होगा कि इस तरह से इसे देखकर आप अपनी सारी समस्याओं पर विजय पा लेंगे। आप अपने सभी शत्रुओं पर विजय पा लेंगे, और आपको एक तरह का अत्यंत सुन्दर व ताज़ा जीवन मिलेगा। सहजयोग में कुंडलिनी जागरण के पश्चात् साक्षी स्वरूप होना तथा निर्मल आनंद को प्राप्त करना अत्यंत ही सहज रूप में हो जाता है। मां के समक्ष आत्मसाक्षात्कार की यह जटिल प्रक्रिया सरल रूप में तत्क्षण ही संपन्न हो जाती है ।

# पंजाब चुनाव 2027 से पहले BJP- अकाली दल की राहें जुदा, गरमाई राज्य की सियासत

बात सिर्फ इतनी नहीं थी कि कितनी तेजी से इनकार किया गया, बल्कि यह भी थी कि वह कितनी स्पष्टता से किया गया। शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर बादल के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के कुछ ही घंटों बाद, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने घोषणा की कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पंजाब विधान सभा चुनाव के लिए शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन नहीं करेगी। इसके बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने बयान दिया कि भाजपा 2027 का विधान सभा चुनाव अकेले लड़ेगी। राज्य विधान सभा की 117 सीटों के लिए चुनाव अगले साल फरवरी में होंगे।

इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गठबंधन बनने से पहले ही खत्म हो गया है। कुछ महीने पहले पंजाब में हुए नगर निगम चुनावों के नतीजों को देखें तो इसका मतलब है कि ज्यादातर निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा और शिरोमणि अकाली दल तीसरे और चौथे स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। जानिए क्यों।

वर्ष 1996 में मोगा घोषणापत्र में भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच बिना शर्त गठबंधन की बात कही गई। उसमें गठबंधन के आधार के रूप में सिख, हिंदू, दलित या मुस्लिम पहचान के बजाय 'पंजाबियत' पर जोर दिया गया। यह साझेदारी पंजाब के सबसे महत्त्वपूर्ण राजनीतिक गठबंधनों में से एक बन गई, जिसमें दोनों दलों ने लगभग दो दशकों से अधिक समय तक साथ मिलकर काम किया। दोनों दल एक साझा प्रतिद्वंद्वी, कांग्रेस के खिलाफ एकजुट हुए थे।

हालांकि, जब सितंबर 2020 में कृषि कानूनों के मुद्दे पर शिरोमणि अकाली दल गठबंधन से बाहर हो गया, तो दोनों पक्षों को अच्छे समय की नहीं, बुरे समय की याद आई। साथ मिलकर, वे एक विजयी टीम थे, भले ही वे एक-दूसरे से असहमत होते थे, जो अक्सर होता था। लेकिन अलग-अलग, वे हर चुनाव हारते रहे।

पंजाब में भाजपा के भीतर यह प्रबल मत है कि पार्टी को अब अपने दम पर खड़ा होना चाहिए और बुरी तरह से समझौता कर चुकी शिरोमणि अकाली दल का साथ त्याग देना चाहिए। इसे बल देने के लिए पार्टी सिखों तक पहुंचने के प्रयास में एक ऐसी नीति अपना रही है जिसे कुछ हद तक अतिरंजित प्रयास के रूप में देखा जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हालिया सार्वजनिक संबोधन में सिख समुदाय के लिए सरकार की पहलों का उल्लेख किया- अफगानिस्तान से श्री गुरु ग्रंथ साहिब स्वरूपों की वापसी, तख्त श्री पटना साहिब में गुरु गोविंद सिंह और माता साहिब कौर के 300 साल पुराने पवित्र जूते (जोड़े साहिब) की स्थापना, हेमकुंड साहिब रोपवे का निर्माण, स्वर्ण मंदिर के लिए विदेशी अंशदान विनियमन अ?धिनियम (एफसीआरए) के तहत विदेशी चंदे को मंजूरी देना और चार साहिबजादों की वीरता और शहादत को सम्मान देने के लिए 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में स्थापित करना।

लेकिन इसमें राजनीतिक संकेत भी है- 'वारिस पंजाब दे' के दो उम्मीदवारों ने खडूर साहिब और फरीदकोट से 2024 का लोक सभा चुनाव जीता। दोनों ही खालिस्तान का खुलकर और निडर रूप से समर्थन करते रहे हैं। अब वारिस पंजाब दे ने विधान सभा चुनावों के लिए कम से कम पांच उम्मीदवारों की घोषणा की है, जिनमें से कई जेल में बंद हैं। अजनाला, मोगा, कपूरथला, कोटकापुरा, बस्सी पठाना और गिल निर्वाचन क्षेत्रों से उम्मीदवार किसी सरकारी रोकटोक के बिना अलगाववादी विचारधारा का समर्थन करेंगे।

इससे कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण मुद्दा यह है कि इसका शिरोमणि अकाली दल पर क्या प्रभाव पड़ेगा। लंबे समय से उदारवादी माने जाने वाली इस पार्टी के लिए यह एक बड़ा झटका है, जिससे उग्र अकालियों के लिए जगह बन जाएगी। पंजाब में उग्रवाद सीधे तौर पर दिखाई नहीं देता, लेकिन यह सतह के ठीक नीचे मंडराता रहता है।

भाजपा का मानना ??है कि हिंदू आबादी पहले से ही पार्टी के साथ है। लेकिन पंजाबी हिंदू सिख भी हैं और ग्रामीण पंजाबी सिख हिंदू भी हैं। इसके अलावा, पंजाबी हिंदू आर्य समाजी हैं, सनातनी नहीं। उनके लिए मंदिर उतना ही महत्त्वपूर्ण है जितना गुरुद्वारा, बल्कि दोनों एक समान हैं। कर्मकांड नाममात्र का है। इसका प्रमाण चाहिए?

वर्ष 2022 में राम मंदिर की लहर के बावजूद (जिसका निर्माण शुरू हो चुका था) आम आदमी पार्टी (आप) ने हिंदू मतदाताओं का जबरदस्त समर्थन हासिल किया और हिंदू बहुल 22विधान सभा सीटों में से 15 पर जीत दर्ज की, जबकि भाजपा को इनमें से केवल दो सीट मिलीं। (कांग्रेस ने 5 सीट जीतीं)। आम आदमी पार्टी भजन संध्या (पूरी तरह से सरकारी मदद से हिंदू तीर्थयात्राएं) और पटियाला में काली मंदिर के जीर्णोद्धार के माध्यम से इस लाभ को और मजबूत कर रही है। पार्टी नेता अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'आज तक, पंजाब में किसी भी पार्टी या सरकार ने सनातन धर्म के लिए उतना काम नहीं किया जितना आम आदमी पार्टी सरकार ने किया है।'

भाजपा में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी से पलायन कर चुके वे नेता, जिन्हें पार्टी के आधार को बढ़ाने और अंदरखाने की जानकारी प्रदान करने के लिए माना जाता है, अपने साथ कई परेशानियां लेकर आए हैं।

वे अपने गुटों और प्रतिद्वंद्विता को अपनी नई पार्टी में ले आए हैं और नए गुटों और प्रतिद्वंद्विता को जन्म दिया है, जैसा कि हाल ही में संगरूर में भाजपा नेताओं के इस्तीफे से पता चला, जब उन्हें भाजपा में शामिल हुए आम आदमी पार्टी के नेताओं की सलाह पर किनारे किया गया था।

पंजाब में मौसम तो ठंडा हो रहा है लेकिन चुनावी माहौल गरमा रहा है, जिससे वहां अत्यधिक अस्थिरता का माहौल छाया हुआ है। जलवायु परिवर्तन का राज्य के लिए एक नया ही अर्थ है।

**-स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी**

## राष्ट्रीय देखभाल नीति से बदलेगी तस्वीर, बुजुर्गों को मिलेगी बेहतर देखरेख

देखभाल (केयरगिविंग) के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने का नीति आयोग का प्रस्ताव समयोचित है। अनुमान है कि 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के भारतीयों की संख्या 2022 में 14.9 करोड़ से बढ़कर 2050 तक 34.7 करोड़ हो जाएगी, जो जनसंख्या का 20.8 फीसदी होगा। महिला श्रम बल की बढ़ती भागीदारी, शहरीकरण, रोजगार के लिए परिवार के युवा सदस्यों का पलायन और संयुक्त परिवारों से एकल परिवारों की ओर बदलाव का चलन पारंपरिक परिवार-आधारित देखभाल प्रणालियों को कमजोर कर रहे हैं, जिससे देखभाल करने वाले पेशेवरों की मांग बढ़ रही है।

भारत की देखभाल प्रणाली अभी भी मुख्य रूप से अनौपचारिक है और महिलाओं पर अत्यधिक निर्भर है। औपचारिक सेवाएं मुख्य रूप से शहरों में उपलब्ध हैं, जो बिखरी हैं और अक्सर किफायती नहीं हैं। इसलिए, चुनौती केवल देखभाल करने वाले पेशेवरों की संख्या बढ़ाना नहीं है, बल्कि एक ऐसी देखभाल प्रणाली का निर्माण करना है जो परिवारों के लिए सुलभ हो और साथ ही कामगारों को सम्मानजनक रोजगार प्रदान करे।

सरकार इस क्षेत्र पर विशेष ध्यान दे रही है। वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में देखभाल व्यवस्था को मजबूत करने के उपायों की घोषणा की गई है, जिनमें वृद्धावस्था संबंधी और संबद्ध सेवाओं का विस्तार और 1,50,000 बहु-कुशल देखभाल पेशेवरों को प्रशिक्षित करने के कार्यक्रम शामिल हैं। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य देखभाल संबंधी मूलभूत कौशलों को स्वास्थ्य, योग और चिकित्सा एवं सहायक उपकरणों के संचालन जैसे कौशलों के साथ जोड़ना है। लेकिन केवल प्रशिक्षण से ही एक स्थायी देखभाल कार्यबल का निर्माण नहीं होगा।

इसके लिए एक संस्थागत ढांचा आवश्यक है जो मान्यता प्राप्त योग्यताएं, गुणवत्ता मानक और बेहतर कार्य परिस्थितियां प्रदान करे। इसलिए राष्ट्रीय देखभाल परिषद का नीति आयोग का प्रस्ताव महत्त्वपूर्ण है। यह परिषद विभिन्न संस्थानों के बीच समन्वय स्थापित करेगी और एक राष्ट्रीय देखभाल योग्यता ढांचे के माध्यम से देखभालकर्ताओं की शिक्षा, प्रशिक्षण, मान्यता और प्रमाणन में अधिक एकरूपता लाने में मदद करेगी। एक राष्ट्रीय देखभालकर्ता रजिस्ट्री और डिजिटल प्लेटफॉर्म कार्यबल नियोजन, सत्यापन और देखभालकर्ताओं को जरूरतमंदों से जोड़ने में और सुधार कर सकते हैं।

व्यवसायीकरण का अर्थ सम्मानजनक कार्य भी होना चाहिए। श्रमिकों को आकर्षित करने और काम में बनाए रखने के लिए उचित वेतन, लिखित अनुबंध, बीमा, बीमारी की छुट्टी और व्यावसायिक सुरक्षा आवश्यक हैं। प्रौद्योगिकी-आधारित देखभाल, नवाचार और राज्यों के बीच सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान सेवा वितरण को और बेहतर बना सकता है। कई देशों में देखभाल कर्मियों की लगातार कमी भारत के लिए संरचित विदेशी नियुक्ति तंत्र विकसित करने का अवसर भी प्रदान करती है। भारत अन्य देशों में देखभाल के लिए धन की व्यवस्था और संगठन के तरीकों से सीख ले सकता है।

**-सुनील कुमार महला**

# विदेशी अंशदान विधेयक ईसाई मिशनरियों के दबाव में

विदेशी अंषदान विनिमय अधिनियम (एफसीआरए) संषोधन विधेयक-2026 में बाधा विपक्ष के साथ विदेषी ताकतें भी बन रही हैं। इसलिए इसके पक्ष में कांग्रेस, सपा और द्रमुक के साथ मतांतरण में लगी ईसाई मिषनरियां भी नहीं हैं। जबकि इस कानून में देषहित से जुड़े संषोधन होना जरूरी है, जिससे देष में विदेषी धन से जनसंख्यात्क घनत्व बिगाड़ने और सुरक्षा को ठेंगा दिखाने वाली संस्थाओं पर अंकुष लगे। अतएव सरकार ने विधेयक के प्रारूप को समीक्षा के लिए संयुक्त संसदीय समिति के सुपुर्द कर दिया। इस विधेयक को द्रमुक अल्पसंख्यकों के विरुद्ध करार दे रही थी। हालांकि सरकार ने विपक्ष के आरोपों को निराधार बताते हुए प्रारूप में अल्पसंख्यकों की खिलाफत से जुड़ा एक भी बिंदु बताने की चुनौती दी हुई है, लेकिन सत्ता का लालची विपक्ष की आंखों पर चष्मा चढ़ा हुआ है। अमेरिकी सांसद राइली मूर भी विधेयक के संषोधन पर आपत्ति जता चुके हैं। उनका कहना है कि भारत गैर-सरकारी संगठनों, ट्रस्टों, षैक्षिण्क संस्थानों और धार्मिक संगठनों को विदेष से मिलने वाले चंदे पर प्रतिबंध लगाता हैं तो भारत और अमेरिका के बीच बने चले आ रहे द्विपक्षीय संबंध भी प्रभावित हो सकते हैं। मूर ने ऐसा इसलिए कहा है, क्योंकि अमेरिका के अलावा अन्य यूरोपीय देष भी भारत में एनजीओ के माध्यम से ईसाईकरण को बढ़ावा दे रहे हैं। इस्लामिक देषों से मतांतरण के लिए आ रहा धन आतंकी साजिषों में भी इस्तेमाल किया जा रहा है, जो सुरक्षा से जुड़ा बड़ा मसला है। ऐसी साजिषों के चलते हम जम्मू-कष्मीर में अपने हजारों सैनिक गंवा चुके हैं। बावजूद विपक्ष की आंखें महज सत्ता के लालच में मूंदी हुई हैं। हालांकि केंद्र सरकार को समीक्षा के लिए इस विधेयक को जेपीसी को सौंपने से पूर्व संसद में चर्चा कराने की जरूरत थी, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता। क्योंकि इस धन का मतांतरण के अलावा पर्यावरण संरक्षण के बहाने विकास विरोधी गतिविधियों में भी उपयोग किया जाता रहा है।

याद रहे, कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में निर्माणाधीन है। इसके मूल समझौते पर हस्ताक्षर 20 नवंबर 1988 को राजीव गांधी और तत्कालीन सोवियत संघ के अस्तित्व में रहते हुए प्रधानमंत्री राजीव गांधी और मिखाइल गोर्बचेव ने किए थे। इस परियोजना का विरोध उन एनजीओ ने बढ़-चढ़कर किया जिन्हें अमेरिका से पर्यावरण संरक्षण की आड़ में धन मिल रहा था। उस समय कांग्रेस नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिषील गठबंधन की सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस विरोध के कारण यह परियोजना पूर्ण रूप से आज तक पूरी नहीं हो पाई है। इसकी जब सभी छह इकाइयां परमाणु बिजली उत्पादन करने लग जाएंगी तब इस संयंत्र की ऊर्जा उत्पादन क्षमता छह हजार मेगावाट होगी और यह संयंत्र भारत का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की श्रेणी में आ जाएगा। अमेरिका इसका विरोध दो कारणों से करा रहा था। एक तो रूस इसे बना रहा है, दूसरे इसके निर्माण के बाद भारत परमाणु ऊर्जा उत्पादन में लगभग आत्मनिर्भर हो जाएगा। इस संदर्भ में कांग्रेस और विपक्ष को देश हित में सोचना चाहिए कि क्या एफसीआरए में ऐसे संशोधन जरूरी नहीं हैं, जिसके चलते भविष्य में विदेशी धन और उसकी इच्छा के अनुसार चलने वाला एनजीओ देश की विकास परियोजनाओं में बाधा नहीं डालने पाएं ? एक नहीं ऐसे अनेक एनजीओ संदिग्ध चरित्र के हैं, जो देष के हितों से खिलवाड़ करने में कोई संकोच नहीं बरतते हैं ?

केंद्र सरकार ने विदेशी चंदा नियमन कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले करीब 20,000 स्वयंसेवी संगठनों को अयोग्य करार देते हुए इनके लाइसेंस पहले ही खरिज कर दिए हैं। यह कार्यवाही तब की गई थी, जब इनके बही-खातों की जांच में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां पाई गईं थीं। इससे साफ होता है कि सेवा के बहाने ये एनजीओ गोरखधंधे में लगे हुए थे। इनके इतर गृह मंत्रालय ने 13000 संगठनों को विदेशी चंदा लेने के योग्य ठहराया हुआ है। इस कार्यवाही से यह सवाल खड़ा होता है कि आखिरकार देष में इतने गैरसरकारी संगठन क्यों हैं और इनके बने रहने का औचित्य क्या है ? इन संगठनों के विधान में यह मूल भावना निहित रहती है कि ये संगठन लोगों में जागरुकता लाकर उनके जीवन में उल्लेखनीय बदलाव के वाहक बनेंगे, लेकिन इस उद्देष्य से भटकर अपवादस्वरूप कुछ एनजीओ को छोड़ दें तो ज्यादातर एनजीओ देषी व विदेषी अनुदान पाकर निजी हित साधने और मतांतरण जैसे गोरखधंधे में लगे हैं।

जिन एनजीओ को फॉरेन कांट्रीब्यूषन रेगुलेषन एक्ट (एफसीआरए) के तहत चंदा मिलता है, वे अनाथालय, षिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता अभियान चलाने के लिए विदेषों से बेहिसाब चंदा लेते हैं, किंतु इस्लाम व ईसाई धर्म से जुड़े एनजीओ धर्मांतरण में लगे हैं। आधुनिक अथवा नवीन स्वयंसेवी संगठनों को सरकार की जटिल शासन प्रणाली के ठोस विकल्प के रूप में देखा गया था। उनसे उम्मीद थी कि ये एक उदार और सरल कार्यप्रणाली के रूप में सामने आएंगे। चूंकि सरकार के पास ऐसी कोई जादू की छड़ी नहीं होती कि वह हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान कर सके। इस परिप्रेक्ष्य में विकास संबंधी कार्यक्रमों में आम लोगों की सहभागिता की अपेक्षा की जाने लगी और उनके स्थानीयता से जुड़े महत्व व ज्ञान परंपरा को भी स्वीकारा जाने लगा। वैसे भी सरकार और संगठन दोनों के लक्ष्य मानव के सामुदायिक सरोकारों से जुड़े हैं। समावेशी विकास की अवधारणा भी खासतौर से स्वैच्छिक संगठनों के मूल में अंतर्निहित है। बावजूद प्रशासनिक तंत्र की भूमिका कायदे-कानूनों की संहिताओं से बंधी है। लिहाजा उनके लिए मर्यादा का उल्लंघन आसान नहीं होता। जबकि स्वैच्छिक संगठन किसी आचार संहिता के पालन की बाध्यता से स्वतंत्र हैं। इसलिए वे धर्म और सामाजिक कार्यों के अलावा समाज के भीतर मथ रहे उन ज्वलंत मुद्दों को भी हवा देने लग जाते हैं, जो उज्जवल भविष्य की संभावनाओं और तथाकथित परियोजनाओं के संभावित खतरों से जुड़े होते हैं।

एफसीआरए कनून बनने से पहले गैर सरकारी संगठनों का जो मौजूदा स्वरूप था, वह देशी अथवा विदेशी सहायता नियम अधिनियम के चलते राजनीति से जुड़े दल विदेशी आर्थिक मदद नहीं ले सकते थे। लेकिन स्वैच्छिक संगठनों पर यह प्रतिबंध लागू नहीं था। इसलिए खासतौर से पश्चिमी व इस्लामिक देश अपने प्रच्छन्न मंसूबे साधने के लिए उदारता से भारतीय एनजीओ को अनुदान देने में लगे हैं। आठवें दशक में इन संगठनों को समर्थ व आर्थिक रूप से संपन्न बनाने का काम काउंसिल फॉर एडवांसमेंट ऑफ पीपुल्स एक्शन (कपार्ट) ने भी किया। अपने मूल उद्देष्य से भटके इनमें से ज्यादातर एनजीओ अब सर्वोच्च व उच्च न्यायालयों में पर्यावरण तथा सामाजिक विसंगतियों से जुड़े मुद्दों की जनहित याचिकाएं लगाकर अपना अस्तित्व बचाए हुए हैं। कई एनजीओ आतंकवादियों की गिरफ्तारी के बाद न केवल उनकी जमानत का इंतजाम करते हैं, बल्कि उनके मुकदमें लड़ने के लिए कई-कई बड़े वकील भी खड़े करके षीर्श न्यायालय का दरवाजा भी आधी रात को खुलवा लेते हैं।

भूमण्डलीय परिप्रेक्ष्य में नव उदारवादी नीतियां लागू होने और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आगमन का सिलसिला परवान चढ़ने के बाद तो जैसे एनजीओ के दोनों हाथों में लड्डू आ गए थे। देखते-देखते दो दशक के भीतर ये संगठन सरकार के समानांतर एक बड़ी ताकत के रूप में खड़े हो गए। बल्कि विदेशी धन और संरक्षण मिलने के कारण ये न केवल सरकार के लिए चुनौती साबित हुए, अलबत्ता आंख दिखाने का काम भी करने लगे। आतंकवादियों और धर्मांतरण में लगे एनजीओ ऐसा ही कर रहे हैं। तथाकथित धर्मनिरपेक्ष वामपंथी बौद्धिक भी लालच में आकर इनकी पैरवी में खड़े हो जाते हैं। यही काम अब राहुल गांधी, अखिलेष यादव और स्टालिन कर रहे हैं। गोया, इनकी यह पैरवी मतांतरण को प्रोत्साहित करती है। जिसे देषहित नहीं कहा जा सकता है।

भारत में स्वैच्छिक भाव से दीन-हीन मानवों की सेवा एक सनातन परंपरा रही है। वैसे भी परोपकार और जरूरतमंदों की सहायता भारतीय दर्शन और संस्कृति का अविभाज्य हिस्सा है। पाप और पुण्य के प्रतिफलों को भी इन्हीं सेवा कार्यों से जोड़कर आज भी देखा जाता है। किंतु वर्तमान गैर सरकारी स्वैच्छिक संगठनों को देशी-विदेशी धन के दान ने इनकी आर्थिक निर्भरता को दूषित तो किया ही है, इनकी कार्यप्रणाली को भी अपारदर्शी व भारत विरोधी तक बना दिया है। इसलिए ये विकारग्रस्त तो हुए ही अपने बुनियादी उद्देश्यों से भी भटक गए। इस लिहाज से जो धार्मिक व सांस्कृतिक संगठन हैं, उनकी गतिविधियों पर यह नजर रखने की जरूरत है कि वे बहरूपिया बनकर मतांतरण के जरिए राज्यों में जनसंख्यात्मक घनत्व तो नहीं बिगाड़ रहे हैं ? अतएव नए संशोधन के जरिए विदेशी धन में पारदर्शिता लाना राष्ट्रीय सुरक्षा को सुरक्षित करना है।

**-प्रमोद भार्गव**

# केवाईसी अड़चन नहीं, बैंकिंग सुरक्षा और ग्राहकों की सुविधा के लिए जरूरी व्यवस्था

अधिकांश बैंक ग्राहकों के लिए नो योर कस्टमर (केवाईसी) के मायने यह है कि नए खाते खोलते वक्त या समय-समय पर खाते का विवरण अद्यतन करने के लिए कई तरह के दस्तावेज जमा कराने होंगे। अक्सर यह शिकायत सुनने को मिलती है कि बैंकों द्वारा बार-बार दस्तावेज मांगे जाते हैं या छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण ग्राहकों को परेशानी उठानी पड़ती है। कई मामलों में तो समय पर केवाईसी अद्यतन न होने के कारण ग्राहकों के खातों का संचालन भी प्रभावित हो जाता है। ऐसी परिस्थितियां निश्चित रूप से ग्राहकों के लिए निराशाजनक होती हैं। फिर भी, यह समझना आवश्यक है कि केवाईसी का उद्देश्य केवल औपचारिकता पूरी करना नहीं है। यह व्यवस्था वित्तीय प्रणाली की सुरक्षा बनाए रखने के साथ-साथ ग्राहकों के हितों की रक्षा भी करती है।

केवाईसी क्यों है महत्त्वपूर्ण- केवाईसी का मूल उद्देश्य बैंक और ग्राहकों के बीच संबंध शुरू होने से पहले ग्राहक की सही पहचान सुनिश्चित करना है। समय-समय पर जानकारी अद्यतन करने से यह भरोसा बना रहता है कि बैंक के पास उपलब्ध विवरण सही हैं और सभी विवरण ताजातरीन हैं।

आज बैंकिंग पहले की तुलना में कहीं अधिक डिजिटल, तेज और परस्पर जुड़ी हुई है। अब खाते दूर बैठे खोले जा सकते हैं और कुछ ही मिनटों में धनराशि कई संस्थाओं के बीच स्थानांतरित हो सकती है। इसके साथ ही, ऑनलाइन धोखाधड़ी भी तेजी से बढ़ी है। कुछ दशक पहले मेरे जैसे शाखा प्रबंधक का जीवन सामान्य था क्योंकि हम अपने ग्राहकों को व्यक्तिगत रूप से जानते थे इसलिए दस्तावेजों की आवश्यकता अपेक्षाकृत कम पड़ती थी। लेकिन बदलते समय के साथ मजबूत पहचान व्यवस्था के लिए यह अनिवार्य हो गई है।

अपराध रोकने में भूमिका- केवाईसी धन शोधन और आतंकवादी गतिविधियों के लिए फंडिंग जैसी गंभीर गतिविधियों की पहचान करने और उसे रोकने का एक महत्त्वपूर्ण माध्यम है। अपराधी अक्सर नकली पहचान के आधार पर खाते खोलते हैं या किसी अन्य व्यक्ति के नाम से खाते संचालित करते हैं, जिन्हें 'म्यूल खाता' कहा जाता है। इन खातों के माध्यम से अवैध धन को वैध वित्तीय प्रणाली में पहुंचाने का प्रयास किया जाता है। ऐसे में ग्राहकों की सही पहचान करना और उनकी सामान्य वित्तीय गतिविधियों को समझना आवश्यक है ताकि बैंकिंग व्यवस्था का दुरुपयोग रोका जा सके।

ग्राहकों के प्रोफाइल पर जोर अहम-सही केवाईसी के माध्यम से बैंक यह समझ पाता है कि किसी ग्राहक के खाते में सामान्यतः किस प्रकार और कितने स्तर के लेनदेन होते हैं। इसके बाद आधुनिक तकनीक की मदद से यदि किसी असामान्य या संदिग्ध लेनदेन की पहचान होती है तब तंत्र तुरंत उसे पहचानकर जांच के लिए संकेत जारी कर देता है। यदि ग्राहक की जानकारी अधूरी या गलत हो तब सामान्य लेनदेन भी संदेहास्पद दिखाई दे सकते हैं जबकि वास्तविक संदिग्ध गतिविधियां पहचान से बच सकती हैं।

केवाईसी ग्राहक के हित में- यदि किसी बैंक के पास ग्राहक का मौजूदा सही मोबाइल नंबर, पता और अन्य संपर्क विवरण उपलब्ध हों तब किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में बैंक तुरंत ग्राहक से संपर्क कर सकता है। लेकिन यदि केवाईसी की जानकारी पुरानी हो तो चेतावनी संदेश गलत मोबाइल नंबर पर जा सकता है या बैंक विवरण किसी पुराने पते पर भेजे जा सकते हैं। इससे ग्राहक की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। इसलिए केवाईसी की जानकारी को समय-समय पर सही और अद्यतन रखना केवल नियामकीय आवश्यकता नहीं बल्कि अपनी वित्तीय पहचान और सुरक्षा बरकरार रखने का भी महत्त्वपूर्ण उपाय है।

सुविधा-सुरक्षा के बीच संतुलन- यदि केवाईसी केवल दस्तावेज जमा करने और औपचारिकताओं तक सीमित रह जाए तो उसका वास्तविक उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। प्रभावी केवाईसी व्यवस्था के लिए बैंकों को ग्राहकों की आवश्यक जानकारी को समझना, उसे समय-समय पर अद्यतन रखना, जोखिम का सही आकलन करना और लेनदेन की निगरानी के लिए उसका उपयोग करना आवश्यक है।

बदलते नियम, ग्राहकों को राहत- केवाईसी से जुड़े अधिकांश नियम धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के अंतर्गत बनाए गए हैं। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ग्राहकों की सुविधा का भी ध्यान रखा है और परिस्थितियों के अनुसार सरल प्रक्रियाएं लागू की हैं। यदि ग्राहकों की केवाईसी संबंधी जानकारी में कोई बदलाव नहीं हुआ है या केवल मामूली बदलाव जैसे पते में बदलाव हुआ है तब कई मामलों में केवल स्व-घोषणा के जरिये केवाईसी अद्यतन किया जा सकता है और सभी दस्तावेज दोबारा जमा करने की आवश्यकता नहीं होती है।

इसके अलावा बिजनेस कॉरेस्पॉन्डेंट और वीडियो-आधारित केवाईसी जैसी सुविधाओं के माध्यम से ग्राहक बिना बैंक शाखा गए भी अपनी दोबारा केवाईसी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। केवाईसी का उद्देश्य ग्राहकों की परेशानी बढ़ाना नहीं बल्कि बैंकिंग व्यवस्था को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना है। सही और अद्यतन केवाईसी से न केवल वित्तीय अपराधों पर रोक लगाने में मदद मिलती है बल्कि ग्राहकों की धनराशि और पहचान की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है जिससे सहूलियत बढ़ जाती है।

केवाईसी को सरल-प्रभावी बनाना- नियमन केवाईसी की रूपरेखा तय कर सकते हैं और नई तकनीक ग्राहकों के लिए अधिक सुविधाजनक माध्यम उपलब्ध करा सकती है। लेकिन किसी भी ग्राहक का वास्तविक अनुभव इस बात पर निर्भर करता है कि केवाईसी प्रक्रिया को व्यवहार में कितनी अच्छी तरह लागू किया जाता है। हर कमी या त्रुटि का जोखिम समान नहीं होता।

उदाहरण के लिए, किसी नाम की वर्तनी में मामूली अंतर या किसी वरिष्ठ नागरिक को बायोमेट्रिक सत्यापन में आने वाली कठिनाई को उसी दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए, जिस प्रकार जानबूझकर अपनी पहचान छिपाने की कवायद या संदिग्ध गतिविधियों को देखा जाता है।

**-धनंजय राजौरा**

# उज्जैन को सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का केंद्र बनाए जाने पर परीक्षार्थियों ने व्यक्त किया आभार




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के लिए पहली बार उज्जैन को परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर परीक्षार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं आयोग के अध्यक्ष माननीय राजेश लाल मेहरा के प्रति आभार व्यक्त किया है। परीक्षार्थियों का कहना है कि उज्जैन में परीक्षा केंद्र स्थापित होने से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को महत्वपूर्ण राहत प्राप्त हुई है।

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से डिप्टी कलेक्टर, डीवाईएसपी, सेल्स टैक्स ऑफिसर, एक्साइज ऑफिसर सहित विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाता है। मुख्य परीक्षा लगभग एक सप्ताह तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होती है। पूर्व में उज्जैन एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु लगभग एक सप्ताह इंदौर में प्रवास करना पड़ता था, जिससे उन्हें आवास, भोजन एवं आवागमन पर अतिरिक्त आर्थिक व्यय वहन करना पड़ता था। महानगर में एक सप्ताह का प्रवास विशेष रूप से ग्रामीण एवं सामान्य आर्थिक पृष्ठभूमि के अभ्यर्थियों के लिए अत्यधिक व्ययकारी सिद्ध होता था।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल के अनुरूप आयोग द्वारा पहली बार उज्जैन को परीक्षा केंद्र बनाए जाने से स्थानीय परीक्षार्थियों को अपने निवास के निकट परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हुआ है। परीक्षार्थियों ने इस निर्णय को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा आयोग के अध्यक्ष राजेश लाल मेहरा के प्रति आभार प्रकट किया है।

शुचिता और पारदर्शिता के साथ परीक्षा व्यवस्था- सिविल सेवा मुख्य परीक्षा प्रदेश के 12 जिला एवं संभाग मुख्यालयों पर आयोजित की गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर आयोग द्वारा संभागीय एवं केंद्र पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई। केंद्र पर्यवेक्षक के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारियों तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्तर के अधिकारियों की सेवाएं ली गईं।

परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए परीक्षार्थियों की त्रिस्तरीय जांच व्यवस्था लागू की गई, जिसमें बायोमेट्रिक सत्यापन, हैंड-हेल्ड मेटल डिटेक्टर तथा आयरिस स्कैनिंग शामिल रही। इस सुदृढ़ व्यवस्था के माध्यम से किसी भी प्रकार की अनियमितता या अनधिकृत प्रवेश की संभावना को प्रभावी रूप से समाप्त किया गया।

आयोग द्वारा परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया। केंद्रों पर पेयजल, छायादार विश्राम स्थल, वर्षा से सुरक्षा हेतु टेंट तथा आवश्यकता अनुसार मुख्य द्वार से परीक्षा भवन तक छाते की व्यवस्था की गई। इन व्यवस्थाओं पर परीक्षार्थियों ने संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

महिला परीक्षार्थी के लिए उज्जैन केंद्र बना वरदान-- उज्जैन परीक्षा केंद्र पर एक महिला परीक्षार्थी ने बताया कि उसका मात्र एक माह का शिशु है। परीक्षा अवधि के दौरान उसके पिता प्रतिदिन उसे परीक्षा केंद्र तक लाने एवं वापस ले जाने का कार्य करते रहे। परीक्षार्थी ने कहा कि यदि परीक्षा केंद्र उज्जैन में न होता और उसे प्रतिदिन इंदौर जाना पड़ता, तो संभवतः वह मुख्य परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाती।

यह उदाहरण स्पष्ट करता है कि स्थानीय परीक्षा केंद्र केवल सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि अनेक अभ्यर्थियों के लिए समान अवसर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सहभागिता सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है।

आयोग की कार्यप्रणाली पर परीक्षार्थियों का विश्वास- परीक्षार्थियों ने आयोग की संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में विभिन्न आयोगों की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे प्रश्नों के बीच मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा एवं साक्षात्कार प्रक्रिया को पारदर्शिता एवं शुचिता के साथ संचालित किया जाना अत्यंत सराहनीय है।

परीक्षार्थियों ने अपने फीडबैक में कहा कि उन्हें आयोग की परीक्षा प्रणाली पर पूर्ण विश्वास है। परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्न गुणवत्तापूर्ण एवं ज्ञानवर्धक होते हैं तथा साक्षात्कार में अभ्यर्थियों की विषयगत समझ, व्यक्तित्व एवं व्यावहारिक क्षमता का समुचित मूल्यांकन किया जाता है।

ग्रामीण परिवेश एवं सामान्य आर्थिक पृष्ठभूमि से आने वाले प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों का चयन इस बात का प्रमाण है कि आयोग की चयन प्रक्रिया योग्यता को उचित अवसर प्रदान कर रही है।

कमांड कंट्रोल रूम से सतत निगरानी-परीक्षा में किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को रोकने के लिए आयोग में कमांड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। इसके साथ ही जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाए गए, जिससे परीक्षा की प्रत्येक गतिविधि पर सतत निगरानी रखी जा सके और किसी भी आकस्मिक स्थिति का त्वरित समाधान किया जा सके।

आयोग के परीक्षा नियंत्रक डॉ. वी.के. गुप्ता, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. रविन्द्र पंचभाई तथा उप परीक्षा नियंत्रक डॉ. गजेन्द्र उज्जैनकर द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। आयोग के अध्यक्ष माननीय राजेश लाल मेहरा द्वारा संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था की निरंतर समीक्षा की गई।

परीक्षा केंद्रों के चयन में अपर परीक्षा नियंत्रक श्रीमती निधि सिंह राजपूत द्वारा भी विशेष सतर्कता बरती जाती है, ताकि परीक्षार्थियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक परीक्षा केंद्र उपलब्ध कराए जा सकें।

समयबद्ध परीक्षा कैलेंडर और गुणवत्तापूर्ण प्रश्नपत्र- मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित परीक्षा कैलेंडर के अनुसार परीक्षाओं का समयबद्ध आयोजन, परिणाम घोषणा एवं साक्षात्कार प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। परीक्षार्थियों ने भी आयोग की इस कार्यप्रणाली की सराहना की है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. वी.के. गुप्ता ने आयोग की कार्यप्रणाली के संबंध में कहा कि–बाबा महाकाल की कृपा एवं सभी के सहयोग से मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग इस समय देश में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। आयोग के अध्यक्ष माननीय राजेश लाल मेहरा कई अवसरों पर अपने व्यक्तिगत एवं पारिवारिक कार्यों को त्यागकर आयोग की सेवा में समर्पित रहते हैं। इसी समर्पण का परिणाम है कि आज आयोग की परीक्षा प्रणाली पर परीक्षार्थियों का विश्वास निरंतर सुदृढ़ हो रहा है।

उज्जैन को सिविल सेवा मुख्य परीक्षा का केंद्र बनाए जाने से न केवल परीक्षार्थियों का समय, धन एवं श्रम की बचत हुई है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों एवं महिला अभ्यर्थियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी सिद्ध हुआ है।

परीक्षार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, आयोग के अध्यक्ष माननीय राजेश लाल मेहरा एवं आयोग के समस्त अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा प्रणाली पर पूर्ण विश्वास है।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए आबकारी निरीक्षक प्रेम यादव सम्मानित, स्वतंत्रता दिवस समारोह में मिला प्रशस्ति-पत्र



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह में आबकारी विभाग में उत्कृष्ट कार्य एवं जिम्मेदारियों के प्रभावी निर्वहन के लिए आबकारी निरीक्षक प्रेम यादव को सम्मानित किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

जिले में आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली को प्रभावी बनाने, अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर नियंत्रण तथा विभागीय दायित्वों के बेहतर निर्वहन में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेम यादव को यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में कलेक्टर ऋतुराज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोत सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सम्मान मिलने पर आबकारी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आबकारी निरीक्षक प्रेम यादव को बधाई दी। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्य के साथ-साथ आबकारी विभाग की पूरी टीम के लिए भी गौरव का विषय है। सम्मान से विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है।

## कलेक्टर ने कलेक्टर कार्यालय, विकास प्राधिकरण एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में किया ध्वजारोहण



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर ने कलेक्टर कार्यालय, देवास विकास प्राधिकरण एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण उपरांत राष्ट्रगान का गायन हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंशु जावला, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती विशाखा देशमुख सहित कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभी शासकीय कार्यालयों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। प्राधिकरण एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में ध्वजारोहण के समय प्राधिकरण एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक - 3 देवास में बच्चों के साथ किया मध्याह्न भोजन




**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-3 देवास में आयोजित विशेष भोज में शामिल होकर, बच्चों के साथ भोजन किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लीला अटारिया, श्री रायसिंह सेंधव, नगर निगम सभापति रवि जैन, दुर्गेश अग्रवाल, भेरूलाल अटरिया, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऋतु राज सिंह, देवास पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोद, नगर निगम आयुक्त दलीप सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित शिक्षक एवं विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सोनू सिंगनाथ बने जिला गोरक्षा प्रमुख, समर्थकों ने दी बधाई



**देवास/ राजेन्द्र सिंह पंवार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल द्वारा सोनू सिंगनाथ को जिला गोरक्षा प्रमुख का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें नियुक्ति पर हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। सोनू सिंगनाथ नियुक्ति पर शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि वे अपने नए दायित्व का निष्ठा, समर्पण और सेवा भाव के साथ निर्वहन करते हुए गौसेवा एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही संगठन के सिद्धांतों एवं उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण योगदान दें।शुभचिंतकों ने ईश्वर से उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में गोरक्षा एवं गौसेवा के कार्यों को और गति मिलेगी।

## खून से खेलेंगे होली, गर वतन मुश्किल में है



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** हाथों में तिरंगा लिए जब हजारों मोर्चा कार्यकर्ता नगर में निकले तो पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। कोई बाईक पर भारत माता के जयकारे लगा रहा था तो कोई विशाल तिरंगे को लहराते हुए आजादी के पर्व की बधाई दे रहा था। युवाओं के जोश को बढ़ाने तिरंगा यात्रा में शमिल हुए प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर ने भी इन युवाओं के हौंसले को बुंलद किया।

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने शनिवार शाम को बाइक से तिरंगा यात्रा निकाली। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर और भाजपा जिला अध्यक्ष रवि पांडे के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में सैकड़ों युवाओं ने हाथों में तिरंगा लहराया। यह तिरंगा यात्रा टंकी चौराहा (मंडी परिसर) से शुरू होकर धोबी चौराहा, महूपुरा, किला रोड, छोटा चौक, आजाद चौक और नई सड़क होते हुए बस स्टैंड पहुंची। पूरे रास्ते युवा भारत माता की जय के नारे लगाते रहे, जिससे पूरा शहर देशभक्ति के रंग में रंग गया। बस स्टैंड पर भारत माता की आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ।

नेताओं ने दिए राष्ट्रप्रेम के संदेश, युवाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह- समापन पर भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर ने खून से खेलेंगे होली, गर वतन मुश्किल में है लिखकर देश के प्रति समर्पण जताया, वहीं रवि पांडे ने श्विकसित भारत 2047 का संदेश लिखा। श्याम टेलर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर युवाओं को राष्ट्रप्रेम से जोड़ने और घर-घर तिरंगा फहराने का संदेश देने के लिए यह सफल आयोजन किया गया।

## लांस नायक शुक्ला की सराहनीय सेवा को राष्ट्रपति ने सराहा




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 32 सालों तक होमगार्ड में लांस नायक के पद पर पदस्थ रहते हुए नगर के संतोष शुक्ला की सेवा को राष्ट्रपति ने सराहा है, जिन्होंने दिल्ली से उनकी सराहना करते हुए प्रमाण-पत्र और मैडल जारी किया, जिसे शनिवार को आयोजित स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में कलेक्टर द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

नवंबर 2025 में सेवानिवृत्ति के पूर्व श्री शुक्ला ने ड्यूटी खुद से ज्यादा ड्यूटी को महत्व दिया। जहां भी कोई आपदा आई अधिकारियों के निर्देश पर लांस नायक संतोष शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को राहत दिलाई। तो काल के गाल में समाए लोगों के शवों को निकालकर परिजनों तक पहुंचाने में भी शुक्ला ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई। संतोष शुक्ला के बहादुरी और कर्तव्यनिष्ठा के किस्से दिल्ली तक भी पहुंचे। इस बार आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में राष्ट्पति द्रोपदी मुर्मू ने उनकी बहादुरी और कर्तव्य निष्ठा को सराहते हुए उन्हें यह पदक प्रदान किया।

## 2016 में किया टाईगर का रेस्क्यू, हजारों वन्यजीवों से की लोगों की सुरक्षा



**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** वन विभाग के रेस्क्यू एक्सपर्ट हरीश पटेल को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उज्जैन में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। श्री पटेल ने वर्ष 2016 में युवा नर टाईगर का सफलता पूर्वक रेस्क्यू किया था। तो बोमा के लिए आई दक्षिण अफ्रिका की टीम के साथ भी उन्होंने सराहनीय भूमिका निभाई थी।

श्री पटेल करीब 12 वर्षों से वनमंडल शाजापुर में सक्रिय रूप से सेवाएं दे रहे हैं। 2016 में जिले में पहुंचे युवा नर टाईगर का सफलतापूर्वक रेस्क्यू करने में भी हरीश पटेल की सराहनीय भूमिका रही थी। वहीं हाल ही में हिरण ओर नीलगाय को बोमा तकनीक से पकड़ने के लिए आई दक्षिण अफ्रिका की टीम को भी हरीश पटेल ने काफी सहयोग दिया था जिससे यहां रेस्क्यू कार्य सफल रहा। उनकी इस सेवा को लेकर उज्जेन के सर्कल ऑफिस में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में वन विभाग के सीसीएफ द्वारा प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

साइंटिफिक तरीके से किया रेस्क्यू, किसी को नहीं पहुंचाया नुकसान- वन विभाग का मुख्य कार्य वन्य जीवों की रक्षा और उनसे आमलोगों की सुरक्षा होता है। रेस्क्यू एक्सपर्ट हरीश पटेल यह कार्य लंबे समय से कर रहे हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर ने ध्वजारोहण कर ली सलामी

**जिले में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह**




**शाजापुर/दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिले में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ आकर्षक एवं भव्य रूप से मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम में आयोजित हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋजु बाफना ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मुख्य समारोह में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के आगमन के साथ राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का गान हुआ। इसके उपरांत ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला भी साथ थी। परेड निरीक्षण के बाद सशस्त्र बल द्वारा हर्ष फायर किये गये। हर्ष फायर के बाद परेड ने मार्च पास्ट किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि कलेक्टर बाफना ने परेड की सलामी ली और परेड कमाण्डरों से परिचय प्राप्त किया। इसके उपरांत प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश की जनता के नाम दिये जा रहे संदेश वाचन का एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री के संदेश प्रसारण के बाद मुख्य अतिथि कलेक्टर ने शाजापुर जिले की उपलब्धियों से संबंधित संदेश का वाचन किया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि कलेक्टर ने हर्षोल्लास के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारों को आसमान में छोड़ा। साथ ही लोकतंत्र के सेनानी श्री नारायण पाण्डेय का मुख्य अतिथि ने शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान इटरनल स्कूल ऑफ स्टडीज शाजापुर द्वारा मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई। विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सामुहिक रूप से आकर्षक पीटी एवं योग तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एमजी कान्वेंट शाजापुर द्वारा जमीनी-जमीनी लघू-लघू, उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 01 शाजापुर द्वारा सप्तकोटी कंध कल-कल निदाद कराले, एमएलबी कन्या उमावि शाजापुर ने आदि अग्नी उन्नत अग्नी, सहज पब्लिक स्कूल शाजापुर द्वारा झांसी की रानी आई हैं, सांदीपनि विद्यालय शाजापुर ने यह भारत ऋषियों की तपो भूमि संस्कृति की जन्मभूमि थीम पर सामुहिक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही खेल एवं युवा कल्याण शाजापुर के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं ने रोमांचक मलखम्ब का प्रदर्शन किया, जिसका अतिथियों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। समारोह में परेड कमाण्डर रक्षित निरीक्षक वंदना सिंह एवं सहायक परेड कमाण्डर सुबेदार दीपिका डावर के नेतृत्व में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन (होमगार्ड), महिला पुलिस बल एनसीसी सीनियर छात्र एवं छात्रा, एनसीसी जूनियर छात्र एवं छात्रा, एनएसएस सीनियर महिला एवं पुलिस प्लाटून, रेडक्रास सीनियर एवं जूनियर छात्रा, स्काउट-गाईड छात्रा, शौर्य दल एवं अन्य ने परेड का प्रदर्शन किया।

इन्हें मिला सम्मान- स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋजु बाफना, पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला एवं विधायक अरूण भीमावद ने परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के शासकीय सेवकों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड देकर पुरस्कृत किया। मुख्य समारोह में कदमताल करते हुए शानदार परेड प्रदर्शन पर समूह अ में महिला पुलिस बल कमाण्डर सूबेदार नेहा पंवार को प्रथम एवं जिला पुलिस बल के लिए कमाण्डर उनि. हेमंत पटेल को द्वितीय, समूह ब में एनसीसी सीनियर छात्र के लिए प्लाटून कमाण्डर लोकेश राजपूत को प्रथम एवं एनसीसी सीनियर छात्रा के लिए प्लाटून कमाण्डर बुलबुल राजपूत को द्वितीय, समूह स में मॉ उमिया ज्ञानपीठ विद्यालय दुपाड़ा रोड शाजापुर महिला प्लाटून कमाण्डर जीविका गोठी को प्रथम एवं महिला प्लाटून महिला बाल विकास शौर्य दल प्लाटून कमाण्डर छाया मैन्या को द्वितीय पुरस्कार में प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 01 शाजापुर को प्रथम, एमजी कान्वेंट स्कूल को द्वितीय एवं सांदीपनि सीएम राईज स्कूल शाजापुर को तृतीय पुरस्कार दिया गया। समारोह के दौरान शाजापुर जिले की विकास पुस्तिका का वितरण भी किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्गान के साथ हुआ। मुख्य समारोह में विधायक अरूण भीमावद, नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पाण्डे, प्रभारी जिला पंचायत सीईओ मनीषा वास्कले, प्रभारी अपर कलेक्टर आलोक वर्मा, डिप्टी कलेक्टर जगदीश वर्मा सहित गणमान्य नागरिक, अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधिगण, मीडिया प्रतिनिधिगण, विद्यार्थी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ओपी विजयवर्गीय एवं रेखा पुरोहित ने किया।

## 17 एवं 18 अगस्त को आगर-मालवा जिले के भ्रमण पर रहेंगे म.प्र. मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष

**आगर मालवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग, भोपाल के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह 17 एवं 18 अगस्त 2026 को आगर-मालवा जिले के भ्रमण पर रहेंगे। आयोग के अध्यक्ष डॉ सिंह 17 अगस्त2026 सोमवार को रतलाम से प्रस्थान कर वाहन द्वारा सायं 6-30 बजे आगर-मालवा पहुंचकर सर्किट हाउस, आगर-मालवा में रात्रि विश्राम करेंगे।

आयोग के अध्यक्षडॉ सिंह 18 अगस्त 2026 मंगलवार को प्रातः 11-00 बजे कलेक्टर कार्यालय, आगर-मालवा के सभागार में जिले के मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग में लंबित प्रकरणों एवं नवीन प्राप्त आवेदन पत्रों पर सुनवाई करेंगे। दोपहर 12-30 बजे आगर-मालवा से नलखेड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।


**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मनीष पिता संतोष चौधरी एवं विशाल पिता सुरेश चौधरी निवासी मूसाखेड़ी इंदौर ने उज्जैन जिले के माकड़ौन के पटवारी हल्का गुंदल्डिया में ईश्वर सिंह पिता मोहन लाल जाति लुहार निवासी ग्राम गुंदल्डिया की भूमि सर्वे नंबर 47/2 रकबा 1.2500 हेक्टेयर एवं मोहनलाल पिता करण सिंह जाति लुहार निवासी ग्राम गुंदल्डिया की भूमि सर्वे नंबर 47/1 रकबा 1.2500 हेक्टेयर कुल सर्वे नंबर 2 का कुल रकबा 2.500 हेक्टेयर कृषि भूमि का क्रय अनुबंध किया है. यदि उक्त जमीन पर किसी व्यक्ति, संस्था, पेढ़ी, बैंक या अन्य किसी का ऋण या भार हो या किसी के पास उक्त भूमि का कोई वैध अनुबंध हो, तो वह सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर लिखित में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करावें. बाद मियाद निकल जाने पर कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि की रजिस्ट्री अपने हक में सम्पादित करवा ली जाएगी.

**नीरज गवली**
**( अभिभाषक )**
**नईसड़क, गवली मोहल्ला, शाजापुर**
**मो. न. - 96698-87588**


## 26वें वर्ष निकली जय शिव कांवड़ यात्रा, नैनावद स्थित महाकाल मंदिर में अर्पित किया आस्था का जल



**शाजापुर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्रावण माह में शाजापुर नगर एक बार फिर महादेव की भक्ति में रंग गया। चारों ओर जयशिव के जयघोष के साथ भगवा ध्वज लहराते नजर आए। हर हाथ में कांवड़ लिए श्रद्धालू महादेव की भक्ति में डूबे दिखाई दिए। श्रद्धालू नगर से 9 किमी दूर नैनावद स्थित प्रसिद्ध महाकाल मंदिर पहुंचे जहां महादेव का अभिषेक कर मंगलकामनाएं की।

पिछले 25 वर्षों से नगर से जय शिव कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। इस बार यह परंपरा 26वें साल भी निभाई गई। यात्रा की शुरुआत बालवीर हनुमान मंदिर से हुई। भक्तों ने बाबा बालवीर का आशीर्वाद लिया। इसके बाद कांवड़ यात्रा नगर के किला रोड, छोटा चौक, बड़ा चौक, सोमवारिया बाजार और मगरिया होते हुए बस स्टैंड से होकर नैनावद पहुंची जहां महादेव के जयकारे के साथ भक्तों ने उनका अभिषेक व पूजन कर आतंकवाद के खात्मे, अच्छी बारिश, चहुंओर खुशहाली की कामना से महादेव का आस्था से अभिषेक किया।

फूलों से पट गई सड़कें, जगह-जगह हुआ स्वागत- जहां-जहां से कावड़ यात्री गुजरे, नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर और महाकाल के जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। इससे कांवड़ियों का उत्साह बढ़ा। कांवड़िए महादेव की भक्ति में नाचते-गाते चलते रहे। इस कावड़ यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। वे सिर पर कलश लिए और महाकाल का जयकारा लगाते हुए नैनावद तक पहुंचीं। नारी शक्ति ने भी बाबा महाकाल का अभिषेक कर मंगल कामनाएं कीं। जिससे पूरे नगर की सड़कें फूलों से भर गई। वहीं यात्रा संयोजक व नपा उपाध्यक्ष पं. संतोष जोशी, तुलसीराम भावसार, कौशल बंटी कसेरा, अमित नय्यर सहित सभी पदाधिकारियों का भी नगरवासियों व विभिन्न संगठनों द्वारा पुष्पहारों से स्वागत किया।

21 वर्षों तक उज्जैन, अब नैनावद में होता है अभिषेक- यात्रा संयोजक पं. संतोष जोशी ने वर्ष 2001 में यात्रा की शुरूआत की थी। जिन्होंने जिले के विकास, भ्रष्टाचार मुक्त भारत, अच्छी वर्षा की कामना को लेकर 21 वर्षों तक पैदल उज्जैन पहुंचकर महाकाल का अभिषेक करने का प्रण लिया था। जिन्होंने कोरोना काल में भी इस प्रण को पूरा किया। इसके बाद नपा उपाध्यक्ष बनने के बाद पं. जोशी ने 22 वे वर्ष भी कावड़ यात्रा उज्जैन तक निकालकर महादेव का आभार व्यक्त किया। इसके बाद कावड़ यात्रा निकालने की परंपरा जारी रखते हुए इस यात्रा को नैनावद तक निकालना शुरू किया और इस बार 26वे वर्ष भी नैनावद पहुंचकर पं. संतोष जोशी के नेतृत्व में यह यात्रा नैनावद पहुंची और महादेव का विश्व कल्याण की कामना से अभिषेक व पूजन किया गया।

विधायक ने भी उठाई कावड़, लगाए महादेव के जयकारे- मां नर्मदा के जल से जिले को सिंचित करने वाले विधायक अरूण भीमावद ने भी इस कावड़ यात्रा में शामिल होकर महादेव का अशीर्वाद लिया। सर्वप्रथम उन्होंने बाबा बालवीर का आशीर्वाद लिया और कावड़ का पूजन कर आरती उतारी। इसके बाद कांधों पर कावड़ लेकर इस कावड़ यात्रा में शामिल हुए।

# बेटमा क्षेत्र में बेलगाम खनन पर प्रशासन की चुप्पी गंभीर चिंता का विषय : किसान नेता बबलू जाधव



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** बेटमा, सेजवानी, रंगवासा, रावद एवं आसपास के क्षेत्रों में कथित रूप से जारी बेलगाम एवं अनियमित खनन को लेकर भारतीय किसान एवं मजदूर सेना ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर स्थिति देखी, जहां किसानों की जमीनों की सीमाओं तक गहरी खुदाई, खेतों को नुकसान, भारी धूल-प्रदूषण और खनन नियमों की अनदेखी के आरोप सामने आए।

किसान नेता बबलू जाधव चंदन सिंह बड़वाया ने कहा कि खनन माफिया के सामने प्रशासन की चुप्पी अब संदेह पैदा करने लगी है। यदि खनन पूरी तरह वैध है तो प्रशासन सार्वजनिक रूप से बताए कि किस क्षेत्र में, कितनी गहराई तक और किन शर्तों के तहत खनन की अनुमति दी गई है। किसानों की जमीन, फसल, पर्यावरण और ग्रामीणों के स्वास्थ्य की कीमत पर किसी भी प्रकार का खनन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रशासन तत्काल संयुक्त सीमांकन कराकर स्वीकृत खनन क्षेत्र, वास्तविक खनन क्षेत्र, निर्धारित गहराई, लीज की शर्तें, रॉयल्टी, पर्यावरणीय अनुमति तथा मौके की स्थिति की जांच कराए। कागजों में सब कुछ सही दिखाकर जमीन पर मनमानी करने वालों को किसी भी कीमत पर संरक्षण नहीं मिलना चाहिए।

जाधव ने कहा कि खनन से लगातार उड़ रही धूल के कारण आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ रहा है। यदि प्रशासन को ग्रामीणों के स्वास्थ्य की चिंता है तो तत्काल प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर जांच कराई जाए और प्रदूषण के प्रभाव की वैज्ञानिक जांच कराई जाए। पर्यावरणीय नुकसान की जिम्मेदारी भी तय होना चाहिए।

उन्होंने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अब केवल नोटिस, पंचनामा और कागजी कार्रवाई से काम नहीं चलेगा। मौके पर कार्रवाई दिखाई देनी चाहिए। यदि जांच में अवैध या नियम विरुद्ध खनन पाया जाता है तो संबंधित संचालकों पर कठोर कार्रवाई, अवैध खनन से हुई क्षति की वसूली तथा जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जाए।

किसानों की जमीन को खनन के लिए खुला मैदान समझने वालों को यह समझ लेना चाहिए कि किसान चुप नहीं बैठेगा। प्रशासन ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो भारतीय किसान एवं मजदूर सेना किसानों के साथ मिलकर बड़े आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होगी।

निरीक्षण के दौरान भारतीय किसान एवं मजदूर सेना के अध्यक्ष बबलू जाधव, प्रदेश सचिव चंदन सिंह बड़वाया, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल, जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर, अनिल डोड सहित किसान प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सगडोद पुलिया पर गड्ढों से हादसे का खतरा, PWD से तत्काल मरम्मत की मांग



**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** ग्राम सगडोद की पुलिया पर सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर स्कूल बसें भी नियमित रूप से गुजरती हैं, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है।

गड्ढों के कारण यहां दुर्घटना घटित भी हो चुकी है और यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो आगामी दिनों में बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि पुलिया का तत्काल निरीक्षण कर गड्ढों की मरम्मत कराई जाए और सड़क को सुरक्षित बनाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे का इंतजार करने के बजाय PWD को समय रहते कार्रवाई करनी चाहिए।

**इनका कहना है-** मुझे मामला संज्ञान में आया है मैं अधिकारियों को दिखाकर जांच करवाता हूं

**-राज कुमार जैन SDO देपालपुर**

## कलेक्टर कार्यालय में गरिमामय रूप से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**झाबुआ/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** कलेक्टर कार्यालय झाबुआ में 80वां स्वतंत्रता दिवस गरिमामय एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने कलेक्टर कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. भरसट ने राष्ट्रीय एकता, सद्भाव और विविधता के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़े। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह की एक विशेष उपलब्धि के रूप में 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पहली बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया गया। उपस्थित अधिकारी - कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और राष्ट्रभाव के साथ वंदे मातरम् का गायन कर मातृभूमि के प्रति सम्मान एवं समर्पण व्यक्त किया। कलेक्टर डॉ. भरसट ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों और वीर बलिदानियों के त्याग एवं संघर्ष का स्मरण कराता है। हम सभी का दायित्व है कि अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करते हुए जिले एवं प्रदेश के विकास में योगदान दें।

# श्री कलोता विद्यापीठ स्कूल जलोदिया पंथ में देशभक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**देपालपुर/ अंकित भोला परमार/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** श्री कलोता विद्यापीठ स्कूल, जलोदिया पंथ में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गरिमामय एवं देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकगण, विद्यालय प्रबंधन, ट्रस्टीगण एवं क्षेत्र के गणमान्य अतिथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अक्षय पंवार, असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी), श्री अनुरोध पंवार, असिस्टेंट प्रोफेसर (हिंदी) एवं सुश्री अन्वेषा नारायण पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर (अर्थशास्त्र) उपस्थित रहे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में श्री प्रवीण ठाकुर, रिंगनवास, श्री संजय ठाकुर, बिरगोदा, श्री कल्याण सिंह जी पंवार, पितावली एवं श्री मोहनलाल जी जाट, गोकलपुर ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

कार्यक्रम में विद्यालय के ट्रस्ट से जुड़े अध्यक्ष श्री रामसिंह जी ठाकुर, उपाध्यक्ष श्री सुनेरसिंह जी बड़वाया, कोषाध्यक्ष श्री बद्रीलाल जी गेहलोत, श्री गरसिंह जी डोड, श्री राजेंद्र सिंह जी पटेल, श्री भुवानसिंह जी पंवार, श्री बलदेव जी गेहलोत एवं श्री



बलदेव जी पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस के महत्व को जीवंत किया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि इसे सुरक्षित रखने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी भी है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक जिम्मेदारी को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

अतिथियों ने विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ संस्कारवान एवं जिम्मेदार नागरिक बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय की ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में देश के प्रति सम्मान, गौरव और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं।

समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में तिरंगे की शान और देशभक्ति के नारों से वातावरण गूंज उठा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों, ट्रस्टीगण, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया।

श्री कलोता विद्यापीठ स्कूल, जलोदिया पंथ का स्वतंत्रता दिवस समारोह विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, संस्कार और अनुशासन की भावना को मजबूत करने वाला प्रेरणादायी आयोजन रहा।

## श्री त्र्यम्बकेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की बैठक सम्पन्न

**सुरेश भावसार (नेता) अध्यक्ष नियुक्त**



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** श्री त्र्यम्बकेश्वर महादेव मंदिर ट्रस्ट की बैठक मंदिर परिसर पर आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सदस्यो के बीच नवीन अध्यक्ष को लेकर चर्चा की गई। तदनुसार सभी सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से श्री सुरेश भावसार (नेताजी) को नवीन अध्यक्ष नियुक्त किया गया वहीं उपाध्यक्ष संतोष जी यादव, सचिव राजेन्द्र बरानिया व कोषाध्यक्ष रामेश्वरी माहेश्वरी सहित शेष कार्यकारिणी व सदस्यो को यथावत रखा गया। नव निर्वाचित अध्यक्ष सुरेश भावसार का उपस्थित सदस्यो ने पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। सभी सदस्यो ने एक मत होकर विकास व धार्मिक आयोजनों को गति देने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से पुर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, मुरली मोरवाल, सुरेश माहेश्वरी, डॉ. आरसी यादव सा, गंगाराम प्रजापत, अभय सोनी, निलेश जी शर्मा आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी अजय राठौड़ ने दी।

# रतलाम में संतों के दर्शन को नागदा से स्थानक जैन संघ होगा रवाना, 2027 चातुर्मास के लिए की जाएगी विनती

**नागदा/सुनिल सकलेचा, अनुज नाहर/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्थानकवासी जैन श्री संघ के अध्यक्ष सतीश जैन एवं सचिव अनिल पावेचा के नेतृत्व में नागदा जैन संघ द्वारा रतलाम में विराजित साधु-साध्वियों के दर्शन एवं आशीर्वाद हेतु विशेष यात्रा आयोजित की जा रही है।

18 अगस्त को सुबह 7 बजे नागदा स्थित महावीर भवन से संघ के सदस्य बसों के माध्यम से रतलाम के लिए रवाना होंगे। रतलाम पहुंचकर संघ द्वारा वहां विराजित संत श्री प्रकाश मुनिजी म.सा. ठाणा एवं साध्वी सतिया जी म.सा. के दर्शन-वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा।

इस अवसर पर नागदा संघ की ओर से संतों के समक्ष वर्ष 2027 का चातुर्मास नागदा में प्रदान करने हेतु विनती भी की जाएगी। संघजनों को उम्मीद है कि संतों के सान्निध्य से नागदा में आगामी चातुर्मास के आयोजन का मार्ग प्रशस्त होगा।

संघ पदाधिकारियों ने बताया कि यह यात्रा धार्मिक भावना, साधु-संतों के प्रति श्रद्धा तथा संघ की एकजुटता का प्रतीक है। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं के शामिल होने की संभावना है।

जैन समाज में चातुर्मास का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। ऐसे में नागदा में चातुर्मास की विनती को लेकर संघजनों में उत्साह का वातावरण है।

यह बने लाभार्थी - मनोहर लाल रवी कुमार काठेड, सतीश जैन सावेर वाले, अनिल पावेचा, प्रकाशचन्द्र बुड़ावनवाला, निर्मल दलाल,चंद्र प्रकाश काठेड, नवीन तरवेचा एव गुप्त लाभार्थी।

## काश्यप विद्यापीठ में देशभक्ति एवं राष्ट्रगौरव के साथ 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह संपन्न

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** काश्यप विद्यापीठ में 15 अगस्त 2026 को 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, देशभक्ति एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। समारोह की मुख्य थीम स्वतंत्रता की अमर गाथा रही।




मुख्य अतिथि श्री राजीव जी गोरवाड़ा द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत की प्रस्तुति से पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम एवं गौरव की भावना से भर गया। मुख्य अतिथि का स्वागत समन्वयक श्री विपिन जी जैन एवं प्राचार्या श्रीमती नंदा व्यास द्वारा किया गया। विद्यालय के नवनिर्वाचित छात्र पदाधिकारियों अध्यक्ष भवि गुगलिया, उपाध्यक्ष प्रियांशी पटेल, हेड बॉय देवव्रथ सिंह राणावत एवं हेड गर्ल मिष्ठी संघवी ने भी मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

ध्वजारोहण के पश्चात खेल अधिकारी श्री ए. पी. भारद्वाज एवं कीर्ति बैरागी के मार्गदर्शन में छात्र परिषद् अलंकरण एवं शपथ समारोह आयोजित हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके दायित्वों से अलंकृत कर निष्ठा, अनुशासन एवं समर्पण के साथ कर्तव्यों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए पंचायत सचिव मान सिंह सिसोदिया सम्मानित

**बोलाई गोलाना ग्राह ग्राम मदाना में खुशी की लहर**




**अकोदिया/ अमर सिंह मेवाडा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** आज 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनसेवकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बोलाई एवं गोलाना में पंचायत सचिव के पद पर पदस्थ श्री मान सिंह सिसोदिया को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

मुख्य समारोह में कलेक्टर रिजु बाफना, पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रियंका शुक्ला, विधायक अरुण भीमावत सहित अन्य अतिथियों द्वारा श्री सिसोदिया को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

गौरतलब है कि पंचायत सचिव श्री मान सिंह सिसोदिया लंबे समय से जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। पंचायत क्षेत्र में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के साथ-साथ साफ-सफाई, नल-जल व्यवस्था एवं पंचायती राज के अंतर्गत आने वाली विभिन्न सुविधाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत रहते हैं।

ग्राम पंचायत बोलाई एवं ग्राम पंचायत गोलाना में लंबे समय से उनके द्वारा किए जा रहे जनहितैषी कार्यों को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर उनके नाम की अनुशंसा की गई थी।

इसी के आधार पर स्वतंत्रता दिवस के जिला स्तरीय मुख्य समारोह में उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। श्री सिसोदिया के सम्मानित होने की खबर मिलते ही गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं परिचितों ने उन्हें फोन कर बधाई दी, वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

## सूरज विद्या विहार स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व

**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर सूरज विद्या विहार स्कूल में देशभक्ति एवं उत्साह के साथ 15 अगस्त का राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रध्वज फहराकर किया गया। ध्वजारोहण मुख्य अतिथि भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौड़, ईश्वर सिंह राजपुरोहित, अनोखीलाल चावला, संस्था संचालक प्रवीण चावला एवं पवन चावला द्वारा किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ और उपस्थित सभी लोगों ने देश की एकता, अखंडता एवं स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत नृत्य प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व, देश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों तथा राष्ट्रप्रेम पर प्रभावी भाषण भी प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि



स्वतंत्रता हमें अनेक वीरों के त्याग और बलिदान से प्राप्त हुई है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपने देश के प्रति कर्तव्य, अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार, राष्ट्रप्रेम और समाज के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा चावला एवं श्रीमती रीना चावला सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व और राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका श्रीमती रेखा शर्मा ने किया। अंत में श्रीमती निधि जैन मैम ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। विद्यालय परिसर में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति के उत्साह, बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों और राष्ट्रप्रेम की भावना के साथ यादगार बन गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए विशेष भोज आयोजित

**नीमच/ सतीश सैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। विशेष भोज में विद्यार्थियों को पूरी, सब्जी, खीर एवं लड्डू परोसे गए।

नीमच कैंट स्थित संदीपनी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित विशेष भोज में नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जन सिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस. कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती हेमलता अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए। अतिथियों ने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ बैठकर विशेष भोज का भोजन ग्रहण किया और विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद भी किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह एवं उल्लास देखने को मिला। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में नोडल जिला अधिकारियों की उपस्थिति में विशेष भोज आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन ग्रहण किया। विशेष भोज के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशियां साझा करना तथा उनमें राष्ट्रीय पर्व के प्रति उत्साह एवं सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना रहा।

## स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर डॉ. मीना ने सुसनेर नवोदय विद्यालय का किया भ्रमण




**आगर-मालवा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना शनिवार को दोपहर में पीएम श्री नवोदय विद्यालय, सुसनेर पहुंचे।

विद्यालय पहुंचकर कलेक्टर ने विद्यार्थियों से संवाद किया और अध्यापन कार्य एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ भोजन ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता को भी परखा। प्राचार्य ने कलेक्टर को विद्यालय के स्टाफ, विद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों, खेलकूद गतिविधियों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया तथा विद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. मीना ने विद्यालय परिसर में स्थित कन्या छात्रावास में छात्राओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय की रसोई एवं डाइनिंग कक्ष का निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया।

# रतलाम जिला केमिस्ट एन्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, बड़ी संख्या में केमिस्ट साथी हुए एकत्रित

**रतलाम/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जिला मुख्यालय कॉलेज रोड़ स्थित सरकारी हॉस्पिटल गेट के पास में 80 वाँ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रतलाम जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्वप्रथम पार्षद प्रतिनिधि राजेश माहेश्वरी संस्था के अध्यक्ष सुशील मूणत सचिव राजेश कोठारी उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप बाफना एवं वरिष्ठ आमंत्रित केमिस्ट साथी श्री राजेंद्र पुरोहित, श्री कमलेश जी मंडवारिया, श्री बालकृष्ण जी राठौड़, श्री अशोक जी बोथरा द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके पश्चात सभी केमिस्ट साथियों द्वारा राष्ट्रीय गान गाया गया।

श्री राजेंद्र जी पुरोहित ने सभी केमिस्ट साथियों की ओर से पूरे देश को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी - श्री रजनीश जी गोयल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी




साथियों को शुभकामना के साथ शासन के सभी नियम को समझकर उसका सही से पालन हो उसके लिए प्रेरित किया, पार्षद प्रतिनिधि श्री राजेश जी माहेश्वरी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी केमिस्ट साथियो को शुभकामनाएं देते हुए सभी को स्वच्छ रतलाम बनाने के लिए प्रोत्साहित किया, सचिव श्री राजेश कोठारी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी संस्था के अध्यक्ष श्री सुशील जी मूणत ने शुभकामनाएं देते हुए संगठन के महत्व को बताया एवं किसी भी साथी को किसी भी प्रकार की व्यापार में परेशानी आने पर तुरंत संपर्क कर परेशानी हल करवाने हेतु आश्वासन भी दिया गया अपना व्यवसाय भयमुक्त कैसे हो सके इस हेतू जानकारी भी दी श्री कमलेश जी कोठारी ने सभी केमिस्ट साथियो को शुभकामना देकर संस्था में सजग रहने की अपील की। श्री अशोक जी बोथरा, श्री अतुल जी शर्मा, श्री अमित जी राठौर, श्री राजेश जी गुगलिया, श्री कमल जी जैन, श्री सौरभ जी बोथरा, श्री नवनीत जी लोढ़ा, श्री रोहित जी चौधरी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी को अपनी शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का संचालन अभिषेक लोढ़ा ने करा आभार प्रदर्शन श्री रजनीश जी गोयल ने करा। उक्त कार्यक्रम में संस्था के श्री बालकृष्ण राठौर, श्री कमलेश मंडवारिया, श्री अर्जुन राठौर, श्री चंद्रेश भाग्यवानी, श्री राजेश भाग्यवानी, श्री पंकज बोथरा, श्री कपिल पोरवाल, श्री विमल जैन, श्री सुनील राव, श्री दीपक माखरिया, श्री विमल जैन, श्री गुरविंदर अजमानी, श्री सुनील जी पारिख, श्री अखिलेश जी गांधी सहित रतलाम के कई गणमान्य केमिस्ट साथी उपस्थित थे।

यह जानकारी संस्था के श्री पवन जी कोठारी ने दी। साथ ही संघटन को मजबूती प्रदान करने की अपील की दवाई विक्रेता की समस्या के लिए संगठन ने व्यापारियों को संगठित रह कर किसी भी समस्या पर संगठन पदाधिकारी से मिलने का अनुरोध किया।

# राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त व्याख्याता प्रदीप पांडेय ने सांदीपनि विद्यालय में किया ध्वजारोहण



**बदनावर/ मनीष शर्मा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** सांदीपनि विद्यालय, बदनावर में स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ अत्यंत गरिमामय, भव्य एवं हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस गौरवमयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त वरिष्ठ व्याख्याता प्रदीप पांडेय ने तिरंगा फहराकर समारोह का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदीप पांडेय व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भारत माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अमर शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। सामूहिक राष्ट्रगीत वंदे मातरम के मधुर गायन के पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिसके बाद एन.सी.सी. और स्काउट दल की टुकड़ियों ने राष्ट्रध्वज को ओजस्वी सलामी दी। स्काउट बैंड की गूंज के साथ विद्यार्थियों और शिक्षकों ने नगर में एक विशाल रैली निकाली, जिसने संपूर्ण शहर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया और नागरिकों तक राष्ट्रप्रेम का संदेश पहुंचाया। विद्यालय परिसर में स्वतंत्र भारत में युवाओं के दायित्व विषय पर ओजस्वी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रप्रेम से ओत-प्रोत कविताएं, राष्ट्रीय गीत और प्रेरक नृत्यों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं। समारोह में उपस्थित पालक मोहनलाल परमार ने भी सुरीले अंदाज में राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी विद्यार्थियों को फल वितरित किए गए।

समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त व्याख्याता प्रदीप पांडेय ने समस्त विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं उपस्थित नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निष्ठापूर्वक पूरा करने की प्रेरणा दी। उच्च माध्यमिक शिक्षक वैभव चौरड़िया एवं श्रीमती रेणु पाटीदार ने अपने प्रभावी अंदाज में कार्यक्रम का सफल संचालन किया। वही संस्था के प्राचार्य ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों, पालकों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## बड़नगर में ऐतिहासिक भव्य महिला कांवड़ यात्रा संपन्न

### हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजी धर्मनगरी, जगह-जगह हुआ भव्य पुष्पवर्षा से स्वागत



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** धर्मनगरी बड़नगर में भक्ति, आस्था और नारी शक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्री माँ भगवती महिला मंडल की अध्यक्ष, पूर्व भाजपा जिला मंत्री एवं प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रेखा राठौड़ के नेतृत्व में विशाल एवं ऐतिहासिक महिला कांवड़ यात्रा अत्यंत धूमधाम व श्रद्धाभाव के साथ निकाली गई।

कांवड़ यात्रा का शुभारंभ खाटू श्याम शनि मंदिर से विधि-विधान से पूजन-अर्चन के साथ हुआ। यात्रा में हजारों की संख्या में मातृशक्ति व बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में पवित्र कांवड़ लिए, केसरिया व पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं के ÷हर-हर महादेव÷ और जय श्री महाकाल के गगनभेदी जयकारों से संपूर्ण नगर शिवमय हो गया। यात्रा में हजारों मातृशक्तियों की उपस्थिति ने इसे नगर की सबसे विशाल और ऐतिहासिक महिला कांवड़ यात्राओं में शामिल कर दिया।, कांवड़ यात्रा का पूरे नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह तोरण द्वार बनाकर, मंच लगाकर तथा पुष्पवर्षा कर नागरिकों व विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या, नगर पालिका परिषद, भाजपा नगर मंडल सहित अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं एवं श्रद्धालुओं ने यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत कर कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा की। यात्रा मार्ग पर जगह-जगह प्रसादी का वितरण किया गया। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और भजनों की धुन पर मातृशक्ति झूमती नजर आई, जिससे समूचा नगर भक्ति के रस में सराबोर हो गया। यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों व अंचलों से होते हुए उज्जैन पहुंची जहां महिला कावड़ यात्रियों ने बाबा महाकाल का जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया ।

## बड़नगर में निकली भव्य तिरंगा वाहन रैली, देशभक्ति के रंग में रंगा शहर



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** 15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़नगर में भव्य तिरंगा वाहन रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5 बजे डॉ. भीमराव अंबेडकर चौराहा (संगम चौराहा) स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई।

इसके पश्चात तिरंगा वाहन रैली डॉ. भीमराव अंबेडकर चौराहा (संगम चौराहा) से प्रारंभ होकर गांधी चौक, डाबरी, जय स्तंभ, कोर्ट चौराहा और बस स्टैंड होते हुए पुनः गांधी चौक पहुंची, जहां रैली का भव्य समापन किया गया।

रैली के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारों के साथ सहभागिता की। पूरे मार्ग पर राष्ट्रभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस भव्य तिरंगा यात्रा वाहन रैली का आयोजन एड. रवि बाली, इकबाल खान, विजयंत घोसर, प्रवीण ठाकुर, सुनील परागी, राहुल गामड़, रवि सोलंकी, संदीप सोलंकी आशीष बोरदिया सहित अन्य साथियों के नेतृत्व में किया गया।

हर घर तिरंगा, हर हाथ तिरंगा– यही देशभक्ति का संदेश लेकर बड़नगर में मनाया स्वतंत्रता दिवस।

## बेटियों ने बदली 15 अगस्त की तस्वीर बड़नगर में छात्राओं की अनूठी पहल ने जीता दिल!



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** आजादी के जश्न में जब पूरा देश तिरंगे के रंग में रंगा था, तब बड़नगर की बेटियों ने देशभक्ति के साथ सम्मान, संस्कार और सामाजिक जागरूकता की मिसाल पेश कर एक अलग ही संदेश दिया। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़नगर की छात्राओं ने ध्वजारोहण के बाद नगर में देशभक्ति के नारों के साथ भ्रमण किया। लेकिन इस बार बेटियों का अंदाज कुछ अलग था। हाथों में तिरंगा और चेहरे पर देशभक्ति का जोश लिए छात्राएं नगर के मजदूरों, व्यापारियों, पुलिसकर्मियों, अधिवक्ताओं और जनप्रतिनिधियों आदि हर एक वर्ग तक पहुंचीं और उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। छात्राओं ने विभिन्न वर्गों के लिए स्वयं तैयार किए गए शुभकामना संदेशों का वाचन कर ग्रीटिंग कार्ड भेंट किए। बड़नगर पुलिस थाने पहुंचकर छात्राओं ने पुलिस विभाग के लिए तैयार विशेष संदेश पढ़ा और पुलिसकर्मियों को ग्रीटिंग भेंट कर उनका सम्मान किया।

इसी दौरान पत्रकार महेश सोनगरा, मोहन सिंह हाड़ा तथा सरपंच गोपाल धाकड़ पेटलावदिया को भी छात्राओं ने शुभकामना संदेश एवं ग्रीटिंग भेंट किए और बेटियों ने संदेश दिया कि हम सिर्फ पढ़ने वाली नहीं, समाज को दिशा देने वाली हैं छात्राओं की इस पहल ने यह साबित कर दिया कि बेटियां केवल शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकार, सम्मान और राष्ट्रप्रेम के क्षेत्र में भी आगे बढ़कर नेतृत्व कर सकती हैं। इन बेटियों ने स्वतंत्रता दिवस पर सिर्फ शुभकामनाएं नहीं बांटीं, बल्कि सम्मान और भाईचारे का संदेश भी घर-घर पहुंचाया। उनकी इस पहल ने नगरवासियों का दिल जीत लिया और यह संदेश दिया कि जब बेटियों को अवसर और प्रोत्साहन मिलता है, तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव की मजबूत आवाज बन सकती हैं। बड़नगर की इन बेटियों ने देशभक्ति के जज्बे के साथ सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की यह पहल निश्चित ही अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणा बनेगी।

## जागरूकता से रक्तदान की ओर बढ़े कदम, हाट पिपलिया में 20 यूनिट रक्त संग्रह



**बड़ावदा/ प्रवीण व्यास/ दैनिक मालवा हेराल्ड।**बड़ावदा सेवा एवं रक्तदान संस्था शाखा हाट पिपलिया के प्रयासों से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लेते हुए 20 यूनिट रक्तदान किया। मंदसौर सिविल अस्पताल की टीम द्वारा शिविर में रक्त संग्रह किया गया। संस्था के जागरूकता अभियान से प्रेरित होकर कई नए कार्यकर्ताओं ने भी पहली बार रक्तदान कर सामाजिक सेवा में अपनी भागीदारी निभाई।

संस्था का मुख्य उद्देश्य केवल रक्तदान शिविर आयोजित करना नहीं, बल्कि लोगों में नियमित रक्तदान के प्रति जागरूकता पैदा करना है। इसी उद्देश्य के तहत शिविर से पहले पिछले तीन-चार दिनों से हाट पिपलिया क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने लोगों से व्यक्तिगत संपर्क कर रक्तदान के महत्व की जानकारी दी और युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से भी रक्तदान का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया।

नए कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान- जागरूकता अभियान का असर शिविर के दौरान देखने को मिला। अभियान के माध्यम से संस्था से जुड़े कई नए कार्यकर्ताओं ने आगे बढ़कर स्वयं रक्तदान किया। संस्था का प्रयास है कि युवाओं को रक्तदान के महत्व से जोड़कर उन्हें समाजसेवा के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि भविष्य में भी जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता बनी रहे।

संस्था के संस्थापक एवं रक्त मित्र प्रवीण व्यास ने बताया कि संस्था का हमेशा से प्रयास रहा है कि किसी भी रक्तदान शिविर से पहले नए कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाए। पहले लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक किया जाता है और उसके बाद उन्हें स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाता है। हाट पिपलिया में पिछले तीन-चार दिनों से चलाए गए जागरूकता अभियान का परिणाम रहा कि शिविर में 20 यूनिट रक्त संग्रह हुआ और नए कार्यकर्ताओं ने भी रक्तदान किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। स्वस्थ व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। संस्था आगे भी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक नए रक्तदाताओं को जोड़ने का कार्य करेगी।

शिविर में संस्था के संरक्षक शेखर नाहर, शिविर संचालक सुदीप भारती, बलराम सेन एवं लकी राज सिंह राठौड़, विशाल , मुकेश धाकड़ सहित संस्था के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। मंदसौर सिविल अस्पताल की टीम ने रक्त संग्रह की प्रक्रिया पूरी की। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं का संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

## सकलेचा की प्रेरणा से मातृशक्ति ने लिया अनुकरणीय त्याग

### जैन नारी शक्ति मंच के आह्वान पर रील साझा नहीं करने का लिया प्रत्याख्यान

**नागदा/ राजेश सकलेचा/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** जैन नारी शक्ति मंच की ओर से मातृशक्ति से सोशल मीडिया पर रील बनाकर उसे Instagram, Facebook एवं WhatsApp पर साझा नहीं करने के लिए किए गए आह्वान को सकारात्मक प्रतिसाद मिल रहा है। इसी क्रम में नवकार माला ग्रुप से जुड़ी मातृशक्ति ने रील साझा नहीं करने का प्रत्याख्यान लेकर अनुकरणीय पहल की।

यह पहल राजेश सकलेचा की प्रेरणा एवं जैन नारी शक्ति मंच के आह्वान पर की गई। मंच की ओर से मातृशक्ति से सादगी, संयम एवं धार्मिक मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया पर रील साझा नहीं करने का निवेदन किया गया था जिससे प्रेरित होकर मातृ शक्ति ने त्याग प्रव्याख्यान की और अपने कदम बढाये दो वर्षों से चल रहा नवकार माला ग्रुप - नवकार माला ग्रुप विगत करीब दो वर्षों से धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ है। इस ग्रुप में देश-प्रदेश के 1100 से अधिक श्रावक-श्राविकाएं जुड़े हुए हैं। ग्रुप में प्रतिदिन नवकार मंत्र की माला के साथ विभिन्न वस्तुओं के त्याग का संकल्प भी कराया जाता है।

ग्रुप के संस्थापक एवं संचालक राजेश सकलेचा ने बताया कि छोटे-छोटे त्याग और संयम के संकल्प जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बन सकते हैं। मातृशक्ति द्वारा रील साझा नहीं करने का प्रत्याख्यान इसी भावना की एक सुंदर पहल है।

जैन नारी शक्ति मंच ने इस अनुकरणीय पहल के लिए नवकार माला ग्रुप की मातृशक्ति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संयम और त्याग की भावना समाज में सकारात्मक संदेश देती है।

इन्होने करे त्याग प्रत्याख्यान - चंचल जैन ( चोरडिया ) नागदा,अनिता धाकड नागदा, प्रीति जेन जावरा, रजनी चोरडिया बालाघाट, मधु पटवा ढोढर, मीनाक्षी हरकावत उदयपुर, सपना लोढ़ा इन्दौर, प्रभा संधवी बासवाडा, नीता जैन इन्दौर, सुनिता जैन मुम्बई, इन्दिरा बैन जैन आदि मात् शक्ति द्वारा त्याग लिये गये।

## राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद द्वारा ध्वजारोहण वृक्षारोपण के साथ निर्धन बस्तियों में किया वस्त्रों का वितरण

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद द्वारा तिरंगे को नमन कर देश की एकता, अखंडता एवं स्वतंत्रता के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर अ भा श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद्, द्वारा ज्ञान मंदिर परिसर में भक्ति एवं राष्ट्रभक्ति का परिचय देते हुए गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष एवं श्रीसंघ अध्यक्ष पुखराज सियाल एवं राजकुमार नाहर ने ध्वजा रोहण किया उपरांत सभी उपस्थितजनों ने एक स्वर में सामूहिक राष्ट्रगान गाया। भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी जयकारों से संपूर्ण जिनालय परिसर गूंज उठा। उपस्थित सदस्यों ने राष्ट्रीय ध्वज को नमन करते हुए देश की एकता संप्रभुता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया इस अवसर पर नवयुवक परिषद महिला परिषद् बहु परिषद तरुण परिषद के सदस्य एवं समाज के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन साकेत गिरिया ने किया नगर की निर्धन बस्तियों में किया वृष्टि का वितरण अखिल भारतीय राजन जैन नवयुवक परिषद के मानव सेवा प्रकल्प को सार्थक करते हुए प्रतिवर्षण अनुसार इस वर्ष में नगर के अनेक निर्धन बस्ती में जाकर जरूरतमंदों को जिसमें महिला पुरुष बच्चे आदि को पहनने योग्य वस्तुओं का वितरण किया गया बच्चों को बिस्किट भी वितरण किया गया इस अवसर पर परिषद के सभी ऊर्जावान साथी उपस्थित थे।

पर्यावरण का महत्व क्या वृक्षारोपण - परिषद के उद्देश्य को आत्मसात करते हुए पर्यावरण प्रेमी किशोर जी किमावत की स्मृति में डंगवाड़ा वाला कृषि फार्म पर नाम केले आम सहित पूजित पेड़ों का रोपण किया गया तथा उन पौधों को बड़ा करने का संकल्प भी लिया गया उल्लेख नहीं है कि पूर्व में भी परीक्षा शाखा द्वारा गए अनेक पौधे आज पेड़ बन चुके हैं तथा छाया और फल फूल दे रहे हैं इस अवसर पर के परिषद के भारी संख्या में ऊर्जावान साथी उपस्थित थे अंत में सल्फहर के साथ सभी का आभार व्यक्त किया गया उपरोक्त जानकारी पूर्ण परिषद मीडिया प्रभारी राजकुमार नहर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई।

## शहीदो और मनीषियों के प्रेरणादाई जीवन और बलिदान से सबको सदैव अवगत कराता रहेगा वंदे मातरम् चित्र पटल



**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीद, महापुरुष सदैव वंदनीय है, उनका पुण्य स्मरण कर हम उनके त्यागमय जीवन से प्रेरणा पाते हैं। यह वंदे मातरम चित्र पटल आने वाली भावी पीढ़ी को इन महापुरुषों एवम मनीषियों के बलिदान और उनके प्रेरणादाई जीवन से सदैव अवगत कराता रहेगा। उपरोक्त विचार लोकप्रिय विधायक श्री जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने ग्राम पंचायत सुंदराबाद के सभाकक्ष में ग्राम पंचायत द्वारा लगाई गई देश के 52 महापुरुषों, वीर शहीदो, संतो, मनीषियों के चित्रों की सुसज्जित श्रृंखला के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। आपने कहा कि बलिदानियों के स्मरण और उनको सच्ची श्रद्धांजलि देने का ग्राम पंचायत सुंदराबाद का यह विनम्र प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय एवम नमन योग्य है। इस तरह का कार्य प्रत्येक पंचायत में होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती ज्योति पंड्या ने की। विशेष अतिथि भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्री गणपतलाल डाबी ने वंदे मातरम चित्र पटल जैसे राष्ट्रीयता से ओतप्रोत कार्य को सभी के लिए प्रेरणादाई बताया। बतौर विशेष अतिथि परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती रेणुका श्रोत्रिय भी उपस्थित रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में ग्राम पंचायत परिसर पहुंचने पर लोकप्रिय विधायक श्री पंड्या का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, भारत माता एवं वंदे मातरम की जय जयकार के साथ ग्राम पंचायत परिसर में निर्मित मध्यप्रदेश के एकमात्र अखंड भारत स्थाई मानचित्र का पूजन अर्चन किया हुआ, तत्पश्चात अतिथियों ने फीता काटकर सभा कक्ष में स्थापित वंदे मातरम चित्र पटल का तालियो की गड़गड़ाहट के साथ लोकार्पण किया, ज्ञान की देवी मां सरस्वती का अतिथियों ने पूजन अर्चन किया। ग्राम पंचायत परिवार द्वारा साफा बांधकर पुष्प मालाओं से अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत भाषण एवं वंदे मातरम चित्र पटल की भूमिका पर सरपंच प्रतिनिधि अजय पंड्या सजग ने प्रकाश डाला। अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत रामेश्वर यादव, घनश्याम सिंह पंड्या, बंटी पंड्या, सचिव धर्मेंद्र बैरागी, मोहनलाल यादव, लोकेंद्र शर्मा, पंकज पंड्या, गोकुलदास बैरागी, गोपाल चौधरी आदि ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को गुंजायमान किया तथा प्रभारी प्राचार्य भावना सोनी एवं शिक्षक अशोक निंबोला के निर्देशन में चित्र पटल का अवलोकन किया। इस अवसर पर पंचायत समन्वय अधिकारी प्रकाशचंद्र राठौर, भाजपा महामंत्री कुंदन डोडिया, रेखा भट्ट, संध्या राठौर, अनीता बैरागी, माया परमार, हर्षित पंड्या, दातार सिंह, राहुलसिंह पवार, भानुप्रताप सिंह डाबी, महेंद्रसिंह पंड्या, गोपाल जायसवाल, श्रवणसिंह पंवार सहित अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## साढ़े तीन बीघा सोयाबीन पर संकट, घर में तोड़फोड़ का आरोप फिर भी FIR नहीं! बड़नगर पुलिस की कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल

### गरीब फरियादी की फरियाद आखिर कब सुनेगा सिस्टम? फसल बर्बादी से लेकर घर में तोड़फोड़ तक के आरोप, शिकायत के बाद भी NCR तक सीमित रही कार्रवाई




**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** ग्राम जांदला में एक गरीब किसान की परेशानी ने पुलिस व्यवस्था और कार्रवाई को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। फरियादी महेश पिता बद्रीलाल ने बड़नगर थाने में शिकायत देकर आरोप लगाया है कि उसकी माताजी के स्वामित्व वाली करीब साढ़े तीन बीघा कृषि भूमि में खड़ी सोयाबीन की फसल पर कीटनाशक दवाई का छिड़काव कर फसल को नुकसान पहुंचाया गया। फरियादी का आरोप है कि जब उसने इस मामले में संबंधित लोगों से बात की तो उसके घर पहुंचकर उसके और परिवार के साथ कथित रूप से गाली-गलौज की गई तथा डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। फरियादी ने पुलिस को यह भी बताया है कि घटना से संबंधित वीडियो रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल में मौजूद है।

पहले नुकसान, फिर विवादज शिकायत के बाद भी नहीं थमा सिलसिला- फरियादी ने अपने आवेदन में पूर्व में भी उसके घर की पानी की नली काटने तथा खेत में लगी झटका मशीन और केसिंग को नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि इस संबंध में 29 मई 2026 को भी उसने बड़नगर थाने में लिखित शिकायत दी थी।फरियादी के अनुसार, थाने में आवेदन देने के बाद रात में उसके घर के बाहर बने मकान के ढालिये में तोड़फोड़ कर दी गई। सुबह जब उसने पुलिस को इसकी सूचना दी तो उसके मुताबिक FIR दर्ज करने के बजाय केवल FIR दर्ज कर उसे वापस भेज दिया गया।

आखिर गरीब की फरियाद पर गंभीर जांच कब- एक तरफ किसान फसल बर्बाद होने का आरोप लगा रहा है, दूसरी तरफ घर में तोड़फोड़ और लगातार परेशान किए जाने की शिकायत कर रहा है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि क्या शिकायत की गंभीरता से जांच हुई? क्या घटनास्थल का निरीक्षण किया गया? क्या फसल के नुकसान का पंचनामा बनाया गया? क्या फरियादी द्वारा बताए गए वीडियो साक्ष्य की जांच की गई? फरियादी का कहना है कि वह लगातार परेशान और भयभीत है तथा उसे न्याय की उम्मीद पुलिस प्रशासन से है।

न्याय की गुहार वरिष्ठ अधिकारी लें संज्ञान- मामले में लगाए गए आरोपों की वास्तविकता पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी, लेकिन शिकायत में बताए गए घटनाक्रम को देखते हुए निष्पक्ष जांच और दोनों पक्षों के तथ्यों की पड़ताल जरूरी है। गरीब फरियादी की मांग है कि उसकी फसल और संपत्ति को हुए कथित नुकसान की जांच की जाए, उपलब्ध साक्ष्यों को देखा जाए और यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाए।अब निगाहें बड़नगर पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों पर हैं क्या गरीब फरियादी की आवाज सुनी जाएगी? क्या मामले की निष्पक्ष जांच होगी? और क्या दोष सिद्ध होने पर जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्रवाई होगी?

## डाबरी चौक पर नगर पालिका की लापरवाही का शिकार हुए बुजुर्ग अन्नपूर्णा भोजन करने जा रहे बुजुर्ग हुए लहूलुहान

**बड़नगर/ महेश सोनगरा/ दैनिक मालावा हेराल्ड।** शहर के व्यस्ततम डाबरी चौक पर नगर पालिका प्रशासन की घोर लापरवाही के चलते एक बुजुर्ग नागरिक गंभीर हादसे का शिकार होने से बाल-बाल बचे। मामले को लेकर शिवसेना ने नगर पालिका की लचरकार्यप्रणाली पर कड़ा ऐतराज जताते हुए जवाबदेही तय करने की मांग की है।?जानकारी के अनुसार, घर पर अकेले रहने वाले वृद्ध नागरिक श्री मांगीलाल जी जैन शाम लगभग 6 बजे सरकारी अस्पताल स्थित अन्नपूर्णा दाल-भात केंद्र पर भोजन करने जा रहे थे। तभी डाबरी चौक के व्यस्त मार्ग पर नाली/चेंबर से बाहर निकले नुकीले सरिये की चपेट में आकर वे गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर लहूलुहान हो गए। ?घटना के तुरंत बाद स्थानीय नागरिकों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें अस्पताल पहुँचाया। वहीं मार्ग से गुजर रहे शिवसेना नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल अपने मित्र राजेश कायस्थ के साथ तत्काल सरकारी अस्पताल पहुँचे और डॉक्टरों की मौजूदगी में अपनी देखरेख में बुजुर्ग का समुचित उपचार व पट्टी करवाई। इसके बाद उन्होंने बुजुर्ग को अन्नपूर्णा केंद्र पर भोजन कराकर सुरक्षित उनके घर पहुँचाया।

गनीमत रही कि बुजुर्ग पेट या सिर के बल सीधे सरिये पर नहीं गिरे, अन्यथा नगर पालिका की यह अनदेखी किसी बड़ी अनहोनी में बदल सकती थी।

शिवसेना नगर अध्यक्ष संतोष बगेरवाल के प्रशासन से सीधे सवाल- सफाई के बाद खुला सरिया क्यों छोड़ा गया? व्यस्ततम चौराहे पर चेंबर की जाली से बाहर निकले इस खतरनाक सरिये पर जिम्मेदार नगर पालिका अमले का ध्यान अब तक क्यों नहीं गया बुजुर्गों और राहगीरों की सुरक्षा का क्या? दो वक्त के भोजन के लिए अन्नपूर्णा केंद्र जा रहे अकेले बुजुर्ग को प्रशासन की इस लापरवाही के कारण शारीरिक दर्द और घाव झेलना पड़ा। इसका जिम्मेदार कौन है? ?शहर के अन्य चेंबरों की सुध कब ली जाएगी? क्या नगर पालिका को शहर के खतरनाक स्पॉट्स और टूटी जालियों को दुरुस्त करने के लिए किसी बड़े हादसे का इंतजार रहता है?

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक विजय शर्मा द्वारा 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से प्रकाशित एवं भगवती ऑफसेट 44, बहादुरगंज, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक - विजय शर्मा, मो.नं. 94250-22499, फोन 0734-2553435 प्रधान संपादक : शुभम ताम्रकार (सभी वाद विवाद का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )

# स्वतंत्रता दिवस पर एक करोड़ से ज्यादा के शीघ्र दर्शन पास खरीदे महाकाल के भक्तों ने

**6.57 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन- 122 क्विंटल से ज्यादा लड्डू प्रसादी की बिकी से 54.69 लाख रुपए की आय**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वतंत्रता दिवस पर शनिवार को महाकालेश्वर मंदिर में देशभर से आए 6 लाख 57 हजार 218 श्रद्धालुओं ने भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए। सुबह से लेकर देर रात तक मंदिर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। स्वतंत्रता दिवस के अवकाश के साथ सावन-भादौ के धार्मिक माहौल में भक्तों ने एक करोड़ से अधिक राशि के शीघ्र दर्शन पास खरीदे।

श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल की प्रसादी के रूप में 122.165 क्विंटल लड्डू खरीदे। इससे महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति को 54 लाख 69 हजार 800 रुपए की आय हुई। यानी एक ही दिन में लड्डू प्रसादी की बिक्री ने भी मंदिर की आय में बड़ी हिस्सेदारी दर्ज की।

ऑनलाइन टिकट से 69.88 लाख, काउंटर से 38 लाख मिले - शीघ्र दर्शन और अन्य ऑनलाइन टिकट के माध्यम से 27,953 श्रद्धालुओं से मंदिर समिति को 69 लाख 88 हजार 250 रुपए प्राप्त हुए। वहीं काउंटर से टिकट लेने वाले 15,200 श्रद्धालुओं से 38 लाख रुपए की आय हुई। इस तरह केवल ऑनलाइन और काउंटर टिकट से मंदिर प्रबंध समिति को एक दिन में कुल 1 करोड़ 7 लाख 88 हजार 250 रुपए की आय हुई।

6.57 लाख श्रद्धालुओं की भीड़, व्यवस्थाओं की बड़ी परीक्षा-महाकाल मंदिर में एक ही दिन में 6.57 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लगातार भीड़ बनी रही। बड़ी संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज से भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे। मंदिर प्रबंध समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम दर्शन और व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए आवश्यक इंतजाम लगातार बनाए रखे। श्रद्धालुओं की संख्या के साथ प्रसादी और टिकट से होने वाली आय के आंकड़े यह भी बताते हैं कि महाकाल मंदिर में देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं का रेला लगातार बढ़ रहा है। स्वतंत्रता दिवस जैसे अवकाश के दिन यह संख्या और भी तेजी से बढ़ी।

आस्था के साथ बढ़ी मंदिर की आय- 15 अगस्त को मंदिर में 6,57,218 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इसी दिन लड्डू प्रसादी की बिक्री से 54.69 लाख रुपए और ऑनलाइन-काउंटर टिकट से 1.07 करोड़ रुपए की आय हुई। इससे साफ है कि महाकाल मंदिर में बढ़ती श्रद्धालु संख्या के साथ मंदिर समिति की आय में भी बड़ा इजाफा हो रहा है।

### 15 अगस्त के प्रमुख आंकड़े

- कुल दर्शनार्थी- 6,57,218
- लड्डू प्रसादी बिक्री- 122.165 क्विंटल
- लड्डू से आय- 54,69,800
- ऑनलाइन टिकट- 27,953 श्रद्धालु
- ऑनलाइन टिकट से आय- 69,88,250
- काउंटर टिकट- 15,200 श्रद्धालु
- काउंटर टिकट से आय- 38,00,000
- ऑनलाइन + काउंटर टिकट आय- 1,07,88,250

एक दिन में दो करोड़ से ज्यादा की आय- लड्डू प्रसादी और ऑनलाइन-काउंटर टिकट से प्राप्त राशि को जोड़ें तो 15 अगस्त को मंदिर प्रबंध समिति को इन मदों से कुल ?1,62,58,050 की आय हुई। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा टिकट से प्राप्त 1.07 करोड़ रुपए का रहा, जबकि लड्डू प्रसादी से 54.69 लाख रुपए मिले।

# पुलिस पेंशनर संघ ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस, किया ध्वजारोहण



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस पेंशनर संघ उज्जैन, संयुक्त मोर्चा पेंशनर संघ एवं आनंद नगर के गणमान्य नागरिकों ने मनकामेश्वर मंदिर स्थित बगीचे में राष्ट्रभक्ति और उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। कार्यक्रम में महिलाएं, बच्चे और बड़ी संख्या में पेंशनर शामिल हुए।

पुलिस पेंशनर संघ उज्जैन के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदौरिया एवं प्रांतीय मीडिया प्रभारी अखिलेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्ही.के. पवार एवं विशिष्ट अतिथि प्रवीण ठाकुर, सुभाष दुबे, सी.के. सोलंकी, ए.आर. देगी, आर.के. राय एवं अजीत तिवारी की मौजूदगी में सेवानिवृत्त बैंड मास्टर श्री कमल डाड के नेतृत्व में 10 सदस्यों ने राष्ट्रीय धुन की प्रस्तुति दी। इसके बाद मुख्य अतिथि ने ध्वजारोहण किया। उपस्थित सभी लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रगान गाया और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम् के जयघोष से वातावरण को राष्ट्रभक्ति से भर दिया। इस अवसर पर संयुक्त पेंशनर संघ के अशोक दुबे, डी.के. सोलंकी, कोमल भूतड़ा, देवेंद्र व्यास सहित आनंद नगर के नागरिक सुनील बोरासी, विनोद सेठ, वासुदेव कुरील, भरत शर्मा, कन्हैयालाल रघुवंशी तथा पुलिस पेंशनर संघ के योगेंद्र सिंह सेंगर, जगदेव सिंह सेंगर, उपेंद्र सिंह सेंगर, राम नरेश यादव, जितेंद्र सिंह राठौड़, जयप्रकाश जीनवाल, सीताराम चौहान, के.एन. शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

ध्वजारोहण के बाद पुलिस पेंशनर संघ के अध्यक्ष प्रमोद सिंह भदोरिया एवं संगठन के संरक्षक प्रवीण ठाकुर ने सभी को 80वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक अजीत तिवारी ने किया। वहीं श्री सुभाष दुबे ने मेरे देश की धरती और मेरा रंग दे बसंती चोला जैसे देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर माहौल को और उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों के लिए चाय और स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। आनंद नगर के बच्चों एवं पुलिस पेंशनर संघ के सदस्यों ने सभी को उनके स्थान पर जाकर चाय-नाश्ता वितरित किया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की। अंत में लड्डू की मिठास के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आभार प्रदर्शन सीताराम चौहान ने किया।

## 80 बहनों ने शंखनाद कर दी राष्ट्रध्वज को सलामी

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भाजपा केशव नगर मंडल द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में भव्य ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 80 बहनों ने शंखनाद कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी और राष्ट्रभक्ति के साथ नारी शक्ति का संदेश दिया।

ध्वजारोहण के पश्चात शहीद हेमू कालानी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। यहां 80 मोमबत्तियां प्रज्वलित कर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद अतिथियों और कार्यकर्ताओं के बीच मिठाई वितरित कर स्वल्पाहार कराया गया।

मीडिया प्रभारी नंदन चावड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नारायण यादव, भाजपा केशव नगर मंडल अध्यक्ष गजेंद्र खत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाटव, नगर जिला महामंत्री कमलेश बैरवा, मंडल प्रभारी उमेश सेंगर, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रमिला यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नितिन सेन, अजा मोर्चा नगर अध्यक्ष जितेंद्र भाटी, वरिष्ठ पार्षद शैलेंद्र (कालू) यादव, वरिष्ठ समाजसेवी जमुना यादव, सुनील नवलानी, मंडल महामंत्री कपिल टॉक और संतोष कोलवाल सहित पार्षदगण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयोजन में प्रेमलता बैंडवाल, सुशील जाटव, दुर्गा बालोटिया, दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, दिव्या बलवानी, सुनीता बैरागी, शारदा राय, काजल कानोठिया, रेखा पांचाल, सुरेखा तवर, ममता मिश्रा, राखी श्रीवास, योगिता बुंदेला, मीना एवं बंगाली कॉलोनी की बहनों का विशेष सहयोग रहा।

## शराब के साथ पकड़ाये आरोपी से खुला चोरी का राज



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** महिदपुर पुलिस ने अवैध जहरीली शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 5 लीटर शराब बरामद होने पर आपराधिक रिकॉर्ड खंगाल गया तो पूर्व में 11 मामले दर्ज होना सामने आए। अन्य वारदातों के मामलों में पूछताछ करने पर उसने चोरी करना भी कबूल कर लिया।

महिदपुर पुलिस के अनुसार टांडा रोड पर मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध जहरीली शराब बरामद हुई। पूछताछ करने पर आरोपी की पहचान मोईनउद्दीन उर्फ राजा पिता इंसाफ शाह, 28 वर्ष, निवासी फकीर मोहल्ला महिदपुर, हाल मुकाम ट्रांसपोर्ट नगर महिदपुर के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने महिदपुर थाना क्षेत्र में हुई चोरी की एक वारदात को भी स्वीकार किया, जिसके बाद चोरी गया मश्रुका बरामद कर लिया गया। थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 49-ए आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। आरोपी से चोरी गया मश्रुका भी बरामद किया। आरोपी मोईनउद्दीन उर्फ राजा के खिलाफ पूर्व में चोरी, अवैध हथियार रखने, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने सहित कुल 11 अपराध पहले से पंजीबद्ध हैं। आरोपी को न्यायालय महिदपुर में पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने पर उसे उपजेल महिदपुर में निरुद्ध कराया गया।

# शान से लहराया तिरंगा... देशभक्ति के रंग में रंगा दशहरा मैदान

**प्रभारी मंत्री ने किया ध्वजारोहण- जवानों के कदमताल के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में दिखी देशभक्ति की झलक**



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** देशभक्ति और उत्साह के माहौल के बीच उज्जैन में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दशहरा मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। राष्ट्रगान के दौरान पूरा मैदान देशभक्ति के भाव से भर गया।

ध्वजारोहण के बाद प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल सजी हुई सफेद जिप्सी में सवार होकर परेड निरीक्षण के लिए निकले। उनके साथ कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा भी मौजूद रहे। निरीक्षण के बाद शस्त्र बलों ने तीन बार हर्ष फायर कर राष्ट्रीय पर्व की गरिमा बढ़ाई। परेड कमांडर आरती रघुवंशी के नेतृत्व में जवानों और विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट किया। अनुशासन और जोश से भरी कदमताल ने समारोह में मौजूद लोगों का ध्यान खींच लिया। परेड में 32वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरुष एवं महिला प्लाटून, होमगार्ड, एनसीसी की विभिन्न टुकड़ियां, शौर्य दल, एनआरएस दल, 32वीं वाहिनी का बैंड दल और निरीक्षण वाहन शामिल रहे। मार्च पास्ट के बाद खुले आसमान में रंग-बिरंगे गुब्बारे छोड़े गए। इस दौरान मैदान का माहौल उत्सव और देशभक्ति से सराबोर हो गया। मुख्य अतिथि ने परेड कमांडरों से परिचय भी प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री के संदेश का हुआ सीधा प्रसारण- समारोह में भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेशवासियों के नाम संदेश का सीधा प्रसारण किया गया। इसके बाद प्रभारी मंत्री ने अपना बधाई संदेश पढ़ा और उन्होंने

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारजनों को भी शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

बच्चों की प्रस्तुतियों ने जमाया रंग- स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। गीत, संगीत और नृत्य के जरिए बच्चों ने स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रप्रेम की भावना को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रस्तुतियों के बाद उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में जिले की विकास पुस्तिका का भी विमोचन एवं वितरण किया गया।

परेड में इन्हें मिले पुरस्कार- शस्त्र सहित परेड...

- प्रथम – जिला पुलिस बल महिला, उज्जैन
- द्वितीय – एसएएफ 32वीं बटालियन, उज्जैन
- तृतीय – होमगार्ड बल, उज्जैन

शस्त्र रहित परेड - प्रथम – 10 एमपी दशहरा मैदान महिला बल

- द्वितीय – 2 एमपी एनसीसी माधवनगर
- तृतीय – 2 एमपी एनसीसी भारतीय ज्ञानपीठ, उज्जैन

सांस्कृतिक कार्यक्रम - प्रथम – क्रिस्ट ज्योति कॉन्वेंट स्कूल

- द्वितीय – शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
- तृतीय – साई सनातन इंटरनेशनल स्कूल
- चतुर्थ – सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी कॉन्वेंट स्कूल

अधिकारी-कर्मचारी और संस्थाएं भी सम्मानित - मुख्य समारोह में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सामाजिक संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के विकासखंड, तहसील, नगर परिषद और ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साह के साथ भाग लिया।समारोह में राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज, नगर निगम सभापति कलावती यादव, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और नागरिक मौजूद रहे। संचालन शैलेन्द्र व्यास ने किया।

# चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश.. मौत के मुंह में पहुंची महिला,आरपीएफ जवान ने बचाया

**उज्जैन स्टेशन पर सीसीटीवी में कैद हुआ रोंगटे खड़े कर देने वाला मंजर**




**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** उज्जैन रेलवे स्टेशन पर 15 अगस्त की रात एक महिला की जिंदगी महज चंद सेकंड के फासले पर थी। प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रही महिला का अचानक पैर फिसला और वह ट्रेन के साथ घिसटते हुए प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच पहुंच गई। इस दौरान वहां ड्यूटी दे रहे रेलवे पुलिस के जवान ने महिला की जान बचाई।

उल्लेखनीय है कि जब यात्री महिला के पहियों के नीचे जाने से पहले ही ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल अरविंद कुमार की नजर उस पर पड़ गई। जवान ने बिना एक पल गंवाए दौड़ लगाई और महिला को अपनी ओर खींचकर सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हादसे का पूरा घटनाक्रम स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

देर रात हुआ हादसा- घटना 15 अगस्त की रात करीब 10-28 बजे की है। गाड़ी संख्या 04170 सूबेदारगंज स्पेशल प्लेटफॉर्म नंबर-1 से रवाना हो रही थी। इसी दौरान प्रयागराज निवासी उर्मिला देवी (35), पति श्रवण कुमार, चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगीं। ट्रेन गति पकड़ चुकी थी और इसी दौरान उनका पैर फिसल गया। संतुलन बिगड़ते ही महिला ट्रेन के साथ घिसटने लगीं। कुछ ही क्षण में वह प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच खतरनाक स्थिति में पहुंच गईं। आसपास मौजूद यात्रियों में भी अफरा-तफरी मच गई।

नजर पड़ी तो दौड़ पड़ा जवान- महिला को इस तरह ट्रेन के साथ घिसटता देख प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी कर रहे आरपीएफ कांस्टेबल अरविंद कुमार ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना महिला की ओर दौड़ लगाई और उसे पकड़कर पूरी ताकत से प्लेटफॉर्म की तरफ खींच लिया। जवान की तेजी से महिला को ट्रेन से अलग कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचा दिया गया। यदि कुछ सेकंड की भी देरी होती तो महिला ट्रेन के पहियों की चपेट में आ सकती थीं।

सीसीटीवी में कैद हुआ घटनाक्रम- स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे में हादसे से लेकर महिला को बचाने तक का पूरा घटनाक्रम रिकॉर्ड हुआ है। फुटेज में चलती ट्रेन में महिला के चढ़ने की कोशिश, पैर फिसलने के बाद ट्रेन के साथ घिसटने और आरपीएफ जवान के दौड़कर उसे खींचने का दृश्य दिखाई दे रहा है।

बाल-बाल बची महिला, जताया आभार- हादसे के बाद महिला सुरक्षित बच गई। जान बचने के बाद उन्होंने राहत की सांस ली और आरपीएफ कांस्टेबल अरविंद कुमार का आभार जताया। महिला ने आरपीएफ जवान और रेलवे सुरक्षा बल की तत्परता के लिए धन्यवाद दिया। एक पल की लापरवाही, और जिंदगी खत्म हो सकती थी। लेकिन आरपीएफ जवान की सतर्क नजर और कुछ सेकंड में की गई कार्रवाई ने महिला को मौत के मुंह से बाहर खींच लिया।

## बालिकाओं के साथ बैठकर प्रभारी मंत्री ने खाई सब्जी-पूड़ी



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दशहरा मैदान पहुंचे और उन्होंने बालिकाओं के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। मध्यान्ह भोजन में बालिकाओं को सब्जी-पूड़ी, खीर, सलाद और पापड़ के साथ लड्डू परोसे गए। प्रभारी मंत्री के साथ जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी स्कूली बालिकाओं के साथ भोजन किया। इस दौरान विद्यालय में उत्सव जैसा माहौल रहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष कमला कुंवर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कुमट और नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## महाकाल के दरबार पहुंचे कुमार विश्वास... बोले, भारत की युवा पीढ़ी सांस्कृतिक चेतना के प्रति सजग



**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास ने रविवार को भगवान महाकालेश्वर की प्रातःकालीन भस्म आरती में दर्शन किए। दर्शन के बाद मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि पवित्र श्रावण महीने में भगवान महाकाल के दर्शन करना पुण्य कर्मों का फल ही कहा जा सकता है। युवा पीढ़ी के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत की युवता देश का भविष्य है। भारत विश्व का सबसे अधिक युवा देश है और सबसे बड़ी बात यह है कि भारत का युवा अपनी सांस्कृतिक चेतना के प्रति सजग है। उसकी अपनी संस्कृत दिशा जागृत हुई है और अपने दर्शन के प्रति नजरिया भी जागृत हुआ है। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी ने कुमार विश्वास का स्वागत एवं सत्कार किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर केंद्रीय जेल उज्जैन से 9 बंदी रिहा

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर केंद्रीय जेल उज्जैन से अच्छे आचरण एवं जेल में सुधारात्मक व्यवहार के आधार पर 9 दोषसिद्ध बंदियों को रिहा किया गया। रिहा किए गए बंदियों में 9 पुरुष बंदी शामिल हैं, जबकि कोई महिला बंदी शामिल नहीं है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पात्र बंदियों को समाज की मुख्यधारा में पुनः शामिल होने का अवसर प्रदान किया गया। बंदियों की रिहाई उनके जेल में आचरण, अनुशासन एवं सुधारात्मक व्यवहार को ध्यान में रखते हुए की गई। इस अवसर पर रिहा हुए बंदियों ने स्वतंत्रता दिवस के इस विशेष अवसर पर नई शुरुआत करने तथा भविष्य में अनुशासित एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया।

## खड़े ट्रक से टकराई कार, पति पत्नी की मौत

**उज्जैन/दैनिक मालवा हेराल्ड।** इंदौर रोड पर रविवार दोपहर खड़े ट्रक में पीछे से कार टकरा गई। दुर्घटना में कार सवार पति-पत्नी की मौत हो। उनके साथ मौजूद दोस्त की बेटी और ट्रक का ड्राइवर घायल हुआ है।

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के इंदौर रोड स्थित रामवासा में दोपहर 12 के लगभग खड़े ट्रक में पीछे से तेज गति से आती कार जा घुसी। कार में पति-पत्नी और एक की होती सवार थे। दुर्घटना में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। खड़े ट्रक का ड्राइवर जमीन पर लेट कर पहिया बदल रहा था जिसके चलते उसे भी गंभीर चोट आई। दुर्घटना के बाद नीलगंगा थाना पुलिस की एफआरवी मौके पर पहुंची नानाखेड़ा पुलिस भी घटनास्थल पहुंच गई थी कार में सवार महिला की मौत हो चुकी थी, एक पुरुष, युवती और ट्रक ड्राइवर घायल था जिन्हें अस्पताल रवाना किया गया कार सवार पुरुष और युवती को इंदौर रेफर कर दिया गया ट्रक ड्राइवर को चरक अस्पताल में भर्ती किया गया वहीं मृतक महिला की बॉडी पोस्टमार्टम कक्ष में रखी गई। कुछ देर बाद पता चला कि मृतक महिला रेखा सोनी निवासी आगर मालवा की रहने वाली है दुर्घटना में घायल उसका पति गोपाल सोनी और युवती उसके दोस्त की पुत्री निशिता गर्ग 17 साल है। ट्रक ड्राइवर का नाम अभी पिता सरदार निवासी सोनकच्छ सामने आया। नानाखेड़ा पुलिस के अनुसार दुर्घटना खड़े ट्रक से होना सामने आई है ट्रक ड्राइवर टायर पंचर होने पर बदल रहा था इस दौरान कार जाकर टकरा गई। पुलिस द्वारा मृतक महिला रेखा सोनी का पोस्टमार्टम कराया गया तभी खबर सामने आई की इंदौर रेफर किए गए उसके पति की भी मौत हो चुकी है। परिवार के लोग उज्जैन और कुछ इंदौर पहुंच चुके थे। परिजनों ने बताया कि गोपाल सोनी आगर में आभूषण की दुकान संचालित करते थे। इंदौर में रहने वाले पुत्र से मिलने के लिए जा रहे थे। वही ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह गेहूं भरकर इंदौर की ओर जा रहा था टायर पंचर होने पर सड़क किनारे खड़ा किया था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक पति-पत्नी का शव उज्जैन और इंदौर से आगर मालवा ले जाया गया है।

# सुदृढ़ पारेषण व्यवस्था के माध्यम से राष्ट्र निर्माण की ऊर्जा बन रही है एमपी ट्रांसको

**80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में एम डी सुनील तिवारी का संबोधन- 28 कार्मिकों को किया सम्मानित**




**उज्जैन/ दैनिक मालवा हेराल्ड।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के मुख्यालय में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने कहा कि एमपी ट्रांसको अपने अस्तित्व में आने के बाद से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करती रही है और देश की उन चुनिंदा शासकीय पावर कंपनियों में शामिल है, जो लगातार फायदे में संचालित हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि कंपनी प्रदेशवासियों को सतत, सुरक्षित और विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराते हुए राष्ट्र निर्माण के कार्य में पूरी निष्ठा से अपना दायित्व निभा रही है।

पुरानी पीढ़ी ने किया प्रभावी स्किल ट्रांसफर - एम डी सुनील तिवारी ने कहा कि एमपी ट्रांसको की पुरानी पीढ़ी द्वारा कंपनी कैडर की पहली पीढ़ी को नॉलेज और स्किल का प्रभावी हस्तांतरण किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम आज दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने अनुभवी इंजीनियरों से आह्वान किया कि वे नई पौध को अपने नॉलेज, स्किल और एप्रोच से अवगत कराएं और बेहतर प्रशिक्षण प्रदान करें।

टीम ट्रांसको के समन्वित प्रयासों से मिली सफलता - नई टेक्नोलॉजी, नवाचारों, ई-ऑफिस और नए स्काडा सिस्टम जैसी उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रबंध संचालक ने कहा कि यह सब टीम ट्रांसको के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। इसी कार्यसंस्कृति के चलते एमपी ट्रांसको राष्ट्रीय स्तर पर आज तक की न्यूनतम पारेषण हानि और अधिकतम ट्रांसमिशन अवेलेबिलिटी जैसे मानकों पर अग्रणी बनी हुई है।

उन्होंने मानव संसाधन एवं प्रशासन विभाग को नई भर्ती प्रक्रिया सबसे पहले शुरू करने तथा लगभग 2000 कार्मिकों को एक माह से भी कम समय में पदोन्नति देने के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया भी शीघ्र प्रारंभ की जाएगी, जिससे नई भर्ती के अवसर बनेंगे।

टावरों की अर्थिंग और आइलैंडिंग स्कीम को मिली राष्ट्रीय पहचान - ट्रांसमिशन टावरों की अलग अर्थिंग प्रणाली के सकारात्मक परिणामों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है और यह नवाचार अन्य यूटिलिटीज़ के लिए प्रेरणास्रोत बना है। इसके अलावा, देश में सबसे पहले आइलैंडिंग स्कीम लागू करने वाला प्रदेश होने की उपलब्धि भी एमपी ट्रांसको के नाम है, जिसका अन्य राज्य अनुसरण कर रहे हैं।